* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

04 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 105












## न्यूज रील्स

### भाजपा विधायक ने थाने में ही दूसरे नेता को गोली मारी

मुंबई। महाराष्ट्र के उल्हासनगर में जमीन विवाद के चलते भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और उनके एक साथी ने शिंदे गुट के नेता महेश गायकवाड़ को पुलिस स्टेशन के अंदर गोली मार दी। दोनों एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। यहां पहले उनमें बहस हुई। तभी गणपत ने इंस्पेक्टर के सामने महेश पर 6 राउंड फायर किये। दो गोली महेश और दो गोली उनके साथी राहुल पाटिल को लगीं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।जांच के लिए विशेष जांच दल बनाया गया है।

### पंजाब के राज्यपाल पुरोहित का इस्तीफा

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने अपने पद से शनिवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेजा। पुरोहित ने इस्तीफे की वजह निजी कारण बताये हैं। वह इससे पहले ही 2 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले थे। भाजपा से लंबे समय से जुड़े रहे पुरोहित 1 सितंबर 2021 को राज्यपाल का पद संभाला था।

### बिहार में नीतीश सरकार में विभाग बंटे

पटना। बिहार में एनडीए सरकार बनने के छह दिन बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सीएम नीतीश पहले की तरह ही गृह विभाग संभालेंगे। तेजस्वी यादव के विभागों को दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के बीच बांटा गया है। बंटवारे में सबसे ज्यादा भाजपा को 23, जदयू को 19, हम को दो और निर्दलीय को एक विभाग मिला है।

## झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा दिन

# अडाणी के लिए न्याय और बाकी लोगों के साथ अन्याय : राहुल

- राहुल गांधी ने की देवघर वैद्यनाथ मंदिर में पूजा
- मंदिर के बाहर मोदी-मोदी के नारे लगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा/देवघर/धनबाद।** राहुल गांधी ने कहा है कि सबके साथ अन्याय हो रहा है। पूरे देश में गरीबों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। बस अडाणी के लिए न्याय और बाकी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। राहुल शनिवार को गोड्डा में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोल रहे थे। गोड्डा से राहुल की यात्रा देवघर पहुंची। यहां उन्होंने बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। रोड-शो किया। देर रात यात्रा धनबाद पहुंची। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रात्रि ठहरने का इंतजाम पूर्वी टुंडी प्रखंड में हलकट्टा के पगला मोड़ के पास की गयी। इसके लिए कई छोटे-छोटे टेंट बनाये गये हैं। यहां से यात्रा धनबाद बोकारो होते हुए रांची, जमशेदपुर जायेगी।

**बाबा मंदिर में गुलाबी धोती में दिखे राहुलः** राहुल शनिवार को देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राहुल इस दौरान गुलाबी धोती पहने और माथे पर चंदन लगाये नजर आये। राहुल जब मंदिर से निकले तो वहां मौजूद लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के साथ-साथ जय श्रीराम के नारे लगाये। राहुल शाम को देवघर से धनबाद के लिए निकल गये। इससे पहले शनिवार सुबह राहुल की यात्रा गोड्डा से शुरू हुई। सरकंडा में उन्होंने लोगों से बातचीत में केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने एक बार फिर आरोप लगाया कि भाजपा झारखंड में चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है।

**झारखंड में आठ दिन रहेंगेः** राहुल की न्याय यात्रा 2 फरवरी की शाम बंगाल से झारखंड के पाकुड़ पहुंची थी। इस दौरान झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उनका स्वागत किया। पाकुड़ में वह राहुल के साथ मंच पर दिखे। राहुल झारखंड में न्याय यात्रा के लिए आठ दिन रहेंगे और 13 जिलों में सफर करेंगे। पाकुड़ में राहुल ने लोगों से बात की और झारखंड की राजनीतिक अस्थिरता के लिए भाजपा को दोषी ठहराया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा ने एक बार फिर उस सरकार को तोड़ने और अस्थिर करने की कोशिश की, जिसे झारखंड के लोगों ने चुना था। हालांकि आइएनडीआइए ने भाजपा की साजिश को सफल होने नहीं दिया। भाजपा के पास मनी पावर और जांच एजेंसियां है, लेकिन कांग्रेस उनसे डरती नहीं हैं। भाजपा की फूट डालने वाली विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस लड़ती रहेगी।



### न्याय यात्रा में थे मौजूद

न्याय यात्रा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, विधायक प्रदीप यादव, फुरकान अंसारी, प्रदीप बालमुचू, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको, रविंद्र सिंह, सतीश पाल मुंजनी, जयशंकर पाठक, ऋषिकेश सिंह, मोहम्मद तौसीफ, गजेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में प्रदेश के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हमने सरना कोड लाने की कोशिश की : राहुल

गोड्डा/देवघर (अजाद सिपाही)। कांग्रस नेता राहुल गांधी ने अडाणी का नाम लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो आपकी पूंजी है, वो नरेंद्र मोदी अपने मित्र अडाणी को एक-एक कर देते जा रहे हैं। उन्होंने कहा हम (कांग्रेस पार्टी के लोग) भूमि न्यायाधिकरण बिल लाये, जिसमें ये प्रावधान किया जाना चाहिए था कि अगर गरीब किसान से जमीन ली जाये, तो पंचायत से और उससे पूछकर ली जाये। इसके अलावा उसे मार्केट रेट से चार गुना अधिक पैसे दिये जायें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भूमि न्यायाधिकरण विधेयक रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने सरना कोड लाने की कोशिश की, उसे भी लाने नहीं दिया।

### आप अपनी बात मुझे सुनायें

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मकसद है सबको एकजुट करने करना। भाजपा जो नफरत फैला रही है, हम इसके खिलाफ आये हैं। राहुल ने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा-आरएसएस के लोगों के दिल में भरी नफरत और डर के खिलाफ है। ये लोग नफरत की राजनीति करते हैं। ये लोग एक जाति को दूसरी जाति से, एक धर्म को दूसरे धर्म से और आदिवासियों को गैर-आदिवासियों से लड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पूरे झारखंड के लोगों से कह रहा हूं कि मैं सच में आपकी बात सुनने आया हूं। चाहे वे मजदूर हो, किसान हो, आदिवासी हो या बेरोजगार युवा हो, जिन लोगों को अपनी बातें रखनी है, वो यहां आयें। मेरे साथ जीप पर बैठ जायें और अपनी बातें रखें, बातचीत करें। मैं आपकी बात सुनने आया हूं। दिल से आपका धन्यवाद करता हूं।

# लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलेगा

- वाजपेयी-देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी को 96 साल की उम्र में देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भाजपा के संस्थापक सदस्य नाना जी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा के तीसरे नेता हैं। साथ ही अब तक भारत रत्न से सम्मानित लोगों में वे 50वीं शख्सियत हैं।

**प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर दी जानकारीः** प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर आडवाणी के साथ अपनी दो तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा। मैंने उनसे बात भी की और उन्हें यह सम्मान दिये जाने पर बधाई दी।

**उनका योगदान कोई भूल नहीं सकताः मोदी :** प्रधानमंत्री ने लिखा कि वे हमारे समय के सबसे सम्मानित स्टेट्समैन हैं। देश के विकास के लिए उनका योगदान कोई भूल नहीं सकता। उन्होंने जमीनी स्तर से काम शुरू किया था और वे देश के उपप्रधानमंत्री पद तक पहुंचे। वे देश के गृहमंत्री और सूचना-प्रसारण मंत्री भी रहे। उनकी संसदीय कार्यशैली हमेशा अनुकरणीय रहेगी। सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी दशकों तक पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास किये हैं। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत मौके मिले।

**एक साल में तीन लोगों मिल सकता है भारत रत्नः** आडवाणी से पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया जा चुका है। इसके अलावा मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। केंद्र सरकार एक साल में तीन लोगों को यह सम्मान दे सकती है।

**2015 में आडवाणी को पद्म विभूषण सम्मान मिलाः** 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। इसी साल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया गया था। तब के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी खुद उनके घर गये थे और उन्हें यह सम्मान दिया।



### आडवाणी ने संस्कृत का मंत्र सुनाया और वाजपेयी को याद किया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने भारत रत्न मिलने पर कहा कि मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ भारत रत्न स्वीकार करता हूं, जो आज मुझे प्रदान किया गया है। यह न सिर्फ एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने की कोशिश की। आडवाणी ने कहा कि जब से मैं 14 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुआ, तब से मैंने केवल एक ही कामना की है। जीवन में मुझे जो भी कार्य सौंपा गया है, उसमें अपने देश की समर्पित और निस्वार्थ सेवा की। जिस चीज ने मेरे जीवन को प्रेरित किया है वह आदर्श वाक्य है 'इदं न मम'। यह जीवन मेरा नहीं है, मेरा जीवन मेरे राष्ट्र के लिए है। उन्होंने कहा कि आज मैं उन दो व्यक्तियों को कृतज्ञतापूर्वक याद करता हूं जिनके साथ मुझे करीब से काम करने का सम्मान मिला, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी। आडवाणी ने सम्मान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी को भी धन्यवाद दिया। साथ ही भाजपा संघ और दिवंगत पत्नी कमला आडवाणी को भी याद किया।

# चंपाई सरकार के फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे हेमंत

- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल विधानसभा में साबित करेंगे बहुमत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी कोर्ट ने राज्य की चंपाई सरकार के विश्वास मत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधानसभा में उपस्थित होने की अनुमति इडी कोर्ट ने दे दी है। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सुबह 11 बजे विधानसभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि चंपाई सरकार ने 5 और 6 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का 5 फरवरी को फ्लोर टेस्ट होगा।



(फाइल फोटो)

महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्यपाल ने 5 फरवरी को सुबह 11 बजे चंपाई सोरेन सरकार के विश्वास मत के लिए समय निर्धारित किया है। हेमंत सोरेन अभी इडी की रिमांड में हैं, इसलिए उन्हें विधानसभा सत्र में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाये। अदालत ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि विश्वास मत में वोटिंग के पहले और बाद में हेमंत सोरेन मीडिया से रू-ब-रू नहीं होंगे। हेमंत सोरेन द्वारा विश्वास मत में वोट देने के तुरंत बाद ही इडी उन्हें अपने कस्टडी में ले लेगी और वापस ले जायेगी। इससे पहले शुक्रवार को इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो जाने के बाद इडी कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रखा था।






## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओड़िशा को दी योजनाओं की सौगात

# विकास के लिए पैसे की कमी नहीं: पीएम मोदी

- 68 हजार करोड़ रुपये की 18 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास
- असम में आज कई योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओड़िशा के संबलपुर में 68 हजार करोड़ रुपये की 18 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनता से कहा कि आपका ये बेटा दिल्ली में बैठा है, इसलिए राज्य के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखायी। साथ ही झारसुगुड़ा प्रधान डाकघर हेरिटेज बिल्डिंग को राष्ट्र को समर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राज्यपाल रघुवर दास और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद थे।



**बजट सबको मजबूत करने की गारंटी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का नया बजट दो दिन पहले आया है। यह बजट उस नीति को और मजबूत करता है, जिस पर चलकर पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। इस बजट का मकसद गरीबों को सशक्त बनाना है। चाहे हमारे युवा हों, महिलाएं हों, किसान हों, मछुआरे हों। यह बजट सबके विकास की गारंटी देता है।

(पेज 12 भी देखें)

### ओड़िशा नयी ऊंचाई हासिल कर रहा

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले कांग्रेस के नेता जब ओड़िशा आते थे तो वे कालाहांडी जाते थे। आदिवासी बस्ती में जाकर तस्वीरें खिंचवाते थे। टीवी-अखबारों में ये तस्वीरें छपती थीं और पूरी दुनिया में ओड़िशा की गरीबी छायी रहती थी। ओड़िशा को कुछ राजनीतिक दलों ने विकास से वंचित रखने का पाप किया है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। पिछले 10 साल में पहले की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओड़िशा को 12 गुना ज्यादा बजट दिया गया है। राज्य को सस्ती बिजली मिले, इसके लिए सरकार लगातार कोशिश कर रही है। बीते 10 साल में केंद्र सरकार ने जो नीतियां बनायी हैं, उनका ओड़िशा को बहुत ज्यादा फायदा हुआ है। खनन के क्षेत्र में जो नये सुधार किये हैं, ओड़िशा उसका बहुत बड़ा लाभार्थी रहा है। खनन नीति में बदलाव के बाद ओड़िशा की आय में 10 गुना बढ़ी है।

### असम में 11,600 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन

प्रधानमंत्री शनिवार की शाम असम के लिए रवाना हो गये। अपनी दो दिवसीय इस यात्रा के दौरान वो राज्य में 11,600 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। रविवार को मोदी खानापारा में वेटरनरी कॉलेज खेल के मैदान में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इस दौरान वो कामाख्या मंदिर कॉरिडोर (498 करोड़ रुपये) और गुवाहाटी में नये एयरपोर्ट के टर्मिनल से 6 लेन की सड़क (358 करोड़ रुपये) की परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# राहुल गांधी झारखंड में, विधायक तेलंगाना में, क्या है मतलब?

## ■ आखिर अपने विधायकों को लेकर इतनी सशंकित क्यों रहती है कांग्रेस

## ■ राहुल गांधी की अगवानी करने के लिए भी नहीं रुके पार्टी के विधायक

**झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के साथ पैदा हुई उथल-पुथल चंपाई सोरेन के शपथ ग्रहण के साथ थमती हुई नजर आ रही है, लेकिन इधर सत्तारूढ़ विधायकों की बाड़ेबंदी के साथ ही एक बड़ा सवाल हवा में तैर रहा है कि आखिर अभी इस 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' का मतलब क्या है। खास कर कांग्रेस विधायकों की बाड़ेबंदी का, जो झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की हिस्सेदार है। कांग्रेस विधायकों की बाड़ेबंदी पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी अपनी बहुप्रचारित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लेकर झारखंड पहुंचे हैं, लेकिन उनका स्वागत करने के लिए उनकी ही पार्टी का कोई विधायक राज्य में मौजूद नहीं है। राजनीति में यह स्थिति पहले कभी नहीं देखी गयी, जब किसी पार्टी का केंद्रीय नेता राज्य में हो और उस पार्टी का कोई विधायक उसके साथ नहीं हो। हालांकि पार्टी की ओर से कहा जा रहा है कि विधायकों की बाड़ेबंदी 'जनमत की सुरक्षा' के लिए की गयी है, लेकिन यहां सवाल तो यही उठता है कि आखिर हैदराबाद में बाड़ेबंदी क्यों। विधायकों को राहुल गांधी की उस बस में भी रखा जा सकता था, जिससे वह यात्रा कर रहे हैं या फिर संथाल परगना में मसानजोर समेत कई ऐसे आलीशान रिसॉर्ट हैं, जहां विधायकों को रखा जा सकता था। दरअसल इस बाड़ेबंदी के पीछे एक ही कारण है और वह यह कि कांग्रेस झारखंड में बुरी तरह डरी हुई है। उसे अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं रह गया है। पार्टी के भविष्य के लिए यह डर अच्छा नहीं है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी इस बात को मानते हैं। क्या है कांग्रेस की रिसॉर्ट पॉलिटिक्स का कारण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही | विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में मची सियासी उथल-पुथल के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक हैदराबाद के आलीशान रिजॉर्ट में कड़ी निगरानी में समय बिता रहे हैं। कांग्रेस शासित तेलंगाना की पुलिस इन विधायकों की निगरानी कर रही है और रिजॉर्ट के चप्पे-चप्पे पर कड़ा पहरा है। इन विधायकों को शुक्रवार को दो चार्टर्ड विमानों से हैदराबाद भेजा गया था। सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से कहा गया कि विधायकों को खरीद-बिक्री का शिकार होने के प्रयासों से बचाने के लिए कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। दरअसल कांग्रेस अपने विधायकों की 'सुरक्षा' करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। स्थिति यह है कि कांग्रेस ने रिजॉर्ट में भी अपने विधायकों के लिए अलग भोजन व्यवस्था, कमरों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी और कई अन्य व्यवस्थाएं की हैं। हालांकि झामुमो विधायकों के लिए भी व्यवस्था की गयी है, लेकिन दोनों पार्टियों के विधायकों को एक-दूसरे से अलग रखा गया है। रिजॉर्ट में जिस मंजिल पर विधायक रहते हैं, उसमें प्रवेश केवल एक लिफ्ट तक ही सीमित है, जिसका उपयोग विधायकों के अलावा केवल अधिकृत व्यक्ति ही कर सकते हैं।

जहां विधायक रहते हैं, वहां कोई अन्य लिफ्ट या अन्य रास्ते से नहीं पहुंच सकता। लिफ्ट की एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर पुलिस अधिकारी चौबीसों घंटे निगरानी रख रहे हैं। जिन कमरों में विधायक रहते हैं, उनकी सुरक्षा पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही है और कोई दूसरा अनजान व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता है। साथ ही विधायकों के लिए पहली मंजिल पर अलग से भोजन की व्यवस्था की गयी है, जो दूसरे मेहमानों के क्षेत्र से अलग है। डाइनिंग हॉल में भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा है।



### इधर राहुल गांधी पहुंचे झारखंड

झारखंड में कांग्रेस की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक तरफ इसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लेकर झारखंड पहुंचे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनका स्वागत करने के लिए पार्टी का कोई विधायक मौजूद नहीं है। पार्टी विधायकों की गैर-मौजूदगी साफ बताती है कि झारखंड में कांग्रेस बुरी तरह डरी-सहमी है। इसलिए अपनी सरकार में भी वह अपने विधायकों की सुरक्षा नहीं कर सकती है। लोग विधायकों की बाड़ेबंदी पर सवाल कर रहे हैं। कह रहे हैं कि कांग्रेस अपने विधायकों को हैदराबाद भेजने की बजाय उस बस में बैठा देती, जिससे राहुल गांधी यात्रा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, संथाल परगना में मसानजोर समेत कई ऐसे आलीशान स्थान हैं, जहां विधायकों को आसानी से रखा जा सकता है। उस स्थिति में पार्टी की इतनी जगहंसाई नहीं होती।

### कांग्रेस का डैमेज कंट्रोल

विधायकों की बाड़ेबंदी के पक्ष में कांग्रेस की तरफ से कई दलीलें दी जा रही हैं। झारखंड कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर का कहना है कि जनता के बहुमत को बचाने के लिए सबकुछ किया जायेगा। विधायकों को हैदराबाद भेजा जाना भी उसी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी स्थिति ऐसी बन जाती है कि अपने ही लोगों से सावधान रहना पड़ता है। इसलिए इस तरह की बाड़ेबंदी में कोई समस्या नहीं है। काफी संघर्ष के बाद पार्टी को झारखंड में इतनी बड़ी जीत मिली है। जब विधायक एक साथ रहना चाहते हैं और एक साथ विश्वास मत का सामना करना चाहते हैं, तो इसमें क्या दिक्कत है।

### हैदराबाद नहीं जाना चाहते थे कई विधायक

इस बीच सूचना यह भी है कि विधायकों की बाड़ेबंदी कर उन्हें हैदराबाद भेजे जाने का कई विधायकों ने विरोध भी किया था। कई विधायकों ने तो साफ कर दिया था कि वह बाहर नहीं जायेंगे। विधायकों का कहना था कि वे गठबंधन के साथ हैं। चंपई सोरेन सरकार के बहुमत परीक्षण के दौरान वे सरकार के पक्ष में मतदान करेंगे। वे शीर्ष नेतृत्व का हर आदेश मानने को तैयार हैं, लेकिन नेतृत्व उनकी बातों पर गौर करे। स्थिति को संभालने और विधायकों को मनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर को स्टेट गेस्ट हाउस आना पड़ा। विधायकों ने यह भी कहा कि वे अपने नेता राहुल गांधी का स्वागत करने जाना चाहते हैं। वे हैदराबाद नहीं जायेंगे, लेकिन प्रदेश प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि सबकी बातें मानी जायेंगी। किसी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। इसके बाद विधायक हैदराबाद जाने को तैयार हुए।

### आखिर कांग्रेस को किस बात का डर है

इस पूरी स्थिति में बड़ा सवाल यह है कि आखिर झारखंड की सत्ता में रहते हुए कांग्रेस को किस बात का डर है। दरअसल पार्टी को बाहर से नहीं, भीतर से ही खतरा महसूस हो रहा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद झारखंड कांग्रेस की स्थिति जिस तरह कमजोर हुई है, वह किसी से छिपी नहीं है। पार्टी का संगठन किसी भी मुद्दे पर स्टैंड लेने में असमंजस में दिखाई देता है। इसका कारण यही है कि पार्टी के भीतर अब पुरानी बात नहीं रही। समर्पित नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण संगठन कमजोर होता जा रहा है। पार्टी संगठन और विधायकों के बीच अविश्वास की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है।

अब चुनावी वर्ष में कांग्रेस के लिए यह सब नुकसानदेह ही साबित होगा। पार्टी के पुराने नेता-कार्यकर्ता मानते हैं कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कुछ कड़े कदम उठाये जाने चाहिए। लेकिन कांग्रेस के बड़े नेताओं को अपनी छवि को चमकाने से ही फुरसत नहीं है।

---

जेएसएससी प्रश्नपत्र लीक का मामला लोस में उठा

## जेएसएससी: लीक मामले की सीबीआइ जांच हो: संजय सेठ

**परीक्षा से पहले 25-25 लाख में बेचे गये प्रश्नपत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा के बजट सत्र के दौरान झारखंड में जेएसएससी की परीक्षा के पेपर लीक होने का मामला उठाया। सांसद ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार युवाओं को लाखों नौकरियां दे रही है, तो दूसरी तरफ झारखंड में परीक्षा का प्रश्न पत्र ही लीक हो जा रहा है। श्री सेठ ने कहा कि राज्य के युवा रातभर ट्रेन और बसों में सफर करके अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। परीक्षा हुई, तब इन्हें पता चला कि इस परीक्षा का प्रश्नपत्र एक रात पहले ही लीक हो चुका है। मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है। राज्य का हर युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार ने युवाओं के सपने रौंदा है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, किसी भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। मांगों के लिए आंदोलन करने वाले युवाओं को लाठियां से पीटा जा रहा है। उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह मांग की कि प्रश्न पत्र लीक होने की मामले की सीबीआइ जांच करायी जाये।

---

## डीएसपीएमयू में बनेगा सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा केंद्र : गरिमा

### विज्ञान-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए संवादात्मक कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उच्च और तकनीकी शिक्षा निदेशक गरिमा सिंह ने कहा कि झारखंड कौंसिल ऑन साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन को विभिन्न गतिविधियों पर परामर्श देने के लिए राज्य विज्ञान सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। विज्ञान-प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए यह बोर्ड कार्य करेगा। उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। गरिमा सिंह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संस्थानों के बीच विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित संवादात्मक कार्यशाला के समापन को संबोधित कर रही थीं।



उन्होंने कहा कि अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा केंद्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह केंद्र विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों को शोधकार्य के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विज्ञान में अनुसंधान सहायता की राशि अधिकतम पांच लाख तक हो सकती है। इसी प्रकार मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, कानून और संबद्ध विषयों में अनुसंधान परियोजना के लिए वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि तीन लाख तक हो सकती है। छात्रों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए दो मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी बसें वर्तमान में स्कूलों में घूम रही हैं।

कुलपति डीके सिंह ने कहा कि आज के समय में शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच संबंधों को विकसित करने की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय उद्योगों की आवश्यकता को ध्यान में रखना चाहिए। इंटर्नशिप को पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग होना चाहिए। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने इस सत्र के विशेषज्ञों डीके सिंह, उमेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार, राजेंद्र मुथा और सूरज प्रकाश को सम्मानित किया। मौके पर वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार, राजेंद्र मूथा, सूरज प्रकाश, डॉ प्रवाकर मोहंती, डॉ प्रियांक कुमार, सैय्यद रियाज अहमद, डॉ शमा सोनाली, डॉ सुची संतोष बरवार, डॉ शालिनी लाल ने भी विचार रखे।

---

गिरिडीह एसपी के निर्देश से हुई कार्रवाई

## अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह ।** पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी सह जमुआ थाना प्रभारी नीलम कुजूर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस की टीम घोरथंभा ओपी क्षेत्र कोदवारी गांव में एक अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। यह फैक्ट्री कोडरमा जिला सीमा पर घनघोर जंगल में स्थित है। वहां धनेश्वर राय पिता मांगर राय के घर में छापेमारी की गयी। इस दौरान छह गैलन स्प्रिट, मैकडुअल ब्रांड की चौदह भरी हुई बोतल और पांच भारी हुई बॉटल इंप्रियल ब्लू, सत्रह बोरी में करीब हजार पीस खाली बोतल, आठ खाली गैलन, करीब पांच सौ पीस आरएस का कोक, करीब पांच सौ पीस आइबी के कोक, पांच सौ लीटर की पानी टंकी को जब्त किया गया है।

---

केंद्रीय मंत्री ने पूर्वी क्षेत्र कृषि मेला का किया शुभारंभ

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाना केंद्र का लक्ष्य: अर्जुन मुंडा

**किसान मेला की सार्थकता खेतों में नजर आयेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/खूंटी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी, झारखंड में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आयेगी। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और किसानों की आय बढ़े। किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से देश भी सशक्त है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा, खूंटी में आयोजित इस मेला में पूर्वी राज्यों के किसान शामिल हो रहे हैं।

श्री मुंडा ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में किसानों को परंपरागत खेती के साथ तकनीक से कैसे जोड़ा जाये, उनकी आय बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर कैसे बनायें। कृषि संबंधी विभिन्न मुद्दों का समाधान कैसे हो, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस वृहद मेला का आयोजन किया गया। श्री मुंडा ने कहा कि आज हम इस अवस्था में हैं कि अपनी खाद्यान्न जरूरतों को पूरा कर सकें, लेकिन हमें भविष्य के लिए भी तैयारी करनी है, क्योंकि भूमि सीमित है और आबादी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में उत्पादन के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कहा कि पूर्वी क्षेत्र में काम तो हो रहे हैं, लेकिन गतिशीलता बनाये रखने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वी क्षेत्र में जनजातीय समाज पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां लाख उत्पादन बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। विश्व जैविक खेती की तरफ लौट रहा है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति की चिंता करें। जल प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए भी काम करने की जरूरत है। गेहूं और चावल में हम आत्मनिर्भर बने हैं, अब तूर दाल में भी लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने विशेष पोर्टल लांच करते हुए योजनाबद्ध ढंग से इस दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ किया है।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्म भूषण कड़िया मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व सांसद डॉ रवींद्र राय, आइसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक, निदेशक अभिजीत कर आदि मौजूद थे।

### कल होगा मेला का समापन

5 फरवरी को समापन सत्र में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। मेला में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल लगाये गये हैं। मेला में सैकड़ों किसानों को लगभग 40 लाख मूल्य के कृषि उपकरण और अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। टाटा ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया है।

---

सीएमपीडीआइ की विकलांगता उन्मूलन की पहल

## सीएसआर परियोजना के तहत बढ़ते कदम की शुरुआत: सीएमडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने रिम्स में सीएमपीडीआइ की फ्लैगशिप सीएसआर पहल बढ़ते कदम के तहत बच्चों में क्लबफुट से विकलांगता की उन्मूलन परियोजना का शुभारंभ किया। इसके बाद श्री कुमार ने रिम्स में लाभार्थियों से बातचीत की। सीएमपीडीआइ द्वारा इस परियोजना पर वित्त वर्ष 2023-27 तक 93 लाख की निधि पोषित की जायेगी। झारखंड में 500 बच्चों के इलाज और क्लबफुट के उन्मूलन में सहायता के लिए शुरू की गयी अपनी तरह की यह पहली परियोजना है। रिम्स, जिला अस्पताल रांची, बोकारो जनरल अस्पताल, पाटलीपुत्र मेडिकल कालेज धनबाद, हजारीबाग मेडिकल कालेज, पलामू मेडिकल कालेज, मेदनीनगर, चाईबासा और एम्स देवघर जैसे सरकारी अस्पतालों में क्लबफुट रोगियों का उपचार किया जायेगा। इस मौके पर निदेशक तकनीकी अच्युत घटक और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.3 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



# हेमंत और भानु प्रताप को आमने-सामने रखकर इडी करेगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के सामने ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की तैयारी है। हेमंत सोरेन को रांची के सदर थाना में एक जून 2023 को दर्ज कांड संख्या 272/23 में बुधवार की रात गिरफ्तार किया गया था। उन पर बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन को अवैध तरीके से हड़पने का आरोप है।



अब इस केस में भी इडी ने भानु प्रताप प्रसाद को आरोपी बनाया है और उसे रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। रिमांड आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी, जिसके बाद भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेकर इडी हेमंत सोरेन के सामने बैठायेगी और पूछताछ करेगी।

इससे पहले भानु प्रताप प्रसाद को इडी ने सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार किया था और उनके ठिकाने पर छापेमारी की थी, जहां से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे।

इडी ने भानु प्रताप के विरुद्ध जालसाजी, सरकारी दस्तावेज के दुरुपयोग मामले में भारतीय दंड विधि से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी, जिसके बाद ही सदर थाने में एक जून 2023 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अब भानु की इस दूसरे केस में भी गिरफ्तारी हो गयी है। भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड पर रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। रिमांड मिलने के बाद हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद को आमने सामने बैठाकर इडी पूछताछ करेगी।

**हेमंत को इडी ने लिया रिमांड पर, पूछताछ शुरू :** जमीन खरीद-बिक्री केस में गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड मिलने के बाद इडी ने शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिमांड पर ले लिया है। अब उनसे अगले पांच दिनों तक पूछताछ होगी।

### रिमांड अवधि तक इडी कार्यालय में ही रहेंगे हेमंत

रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका को ठुकरा दिया है, जिसमें उन्हें पूछताछ के बाद रात को जेल अथवा सुरक्षित जगह पर रखने की मांग की गयी थी। उनकी तरफ से सुरक्षा का खतरा बताते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। अपने अधिवक्ता के माध्यम से उन्होंने कोर्ट को बताया था कि इडी कार्यालय में उनकी जान को खतरा है। उनकी इस याचिका का विरोध करते हुए इडी ने भी कोर्ट में अपनी बात रखी और कहा कि हेमंत सोरेन इडी कार्यालय में सुरक्षित हैं। रिमांड पर पूछताछ के बाद उन्हें जेल अथवा अन्यत्र रखने पर उन्हें खतरा है, इडी कार्यालय में नहीं। हेमंत सोरेन को इडी कार्यालय में रखने पर उनकी सुरक्षा के साथ-साथ रिमांड पर पूछताछ की गोपनीयता भी बरकरार रहेगी।

## हाइकोर्ट ने सरकार और विभाग से पूछा

# क्यों रोका स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना साल 2020 से बंद है। सरकार अब तक उस परियोजना में 6.5 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है। ऐसे में प्रार्थी संतोष कुमार सोनी ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर परियोजना को अविलंब पूरा करने का आग्रह किया है, जिसपर हाइकोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग से पूछा है कि कार्य को किस प्रकार से बाधित किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को होगी।

**पर्यटन और रोजगार भी होंगे सृजित :** प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा है कि इस परियोजना से न सिर्फ कृषि के लिए सिंचित जमीन का निर्माण होगा, बल्कि पर्यटन और लोगों के रोजगार भी सृजित होंगे। क्योंकि यह एक बड़ी परियोजना है और इसे बिना कारण बताये बंद कर दिया गया। इसका निर्माण पूरा किया जाना चाहिए। स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के लिए वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ है।




## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** — धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** — माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** — पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होगी।
- **कन्या** — बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** — नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **वृश्चिक** — पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **धनु** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** — विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **मीन** — बिना-विचारें कोई काम न करें चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# आदिवासी मुद्दे की अनदेखी कर न तो सत्ता चलेगी न ही राजनीतिः बंधु तिर्की

**आदिवासी एकता महारैली आज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के मुद्दे की अनदेखी कर न तो सत्ता चल सकती है, ना ही सरकार और न ही राजनीति। इसके साथ-साथ उन्हें बांटने वाले किसी भी राजनीतिक दल और संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। पत्रकारों से बातचीत में शनिवार को बताया कि सरना कोड, पांचवी अनुसूची आदि के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में आदिवासियों की उपयोजना राशि में कटौती किया जाना, आदिवासियों के हित के साथ खिलवाड़ है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली होगी।

कहा कि भाजपा-आरएसएस और उसके अधीन संगठनों द्वारा आदिवासियों को बांटने के लिए



जमीन-आसमान एक कर दिया गया है, लेकिन उन्हें उनकी चाल में सफलता नहीं मिलेगी। क्योंकि आदिवासी बिना किसी मतभेद के एकजुट हैं और उन्हें दुनिया की कोई शक्ति अलग नहीं कर सकती। भाजपा और केंद्र के साथ ही जिन-जिन प्रदेशों में भाजपा सत्ता में है, वहां आदिवासियों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में गुमला में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सरना धर्म कोड पर विचार करने की बात कही थी, लेकिन उस पर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ। श्री तिर्की ने कहा कि इस महारैली में झारखंड के सभी जिलों के सभी समुदायों के आदिवासियों के साथ ही आदिवासी मुद्दों के प्रति संवेदनशील रवैया रखनेवाले और वास्तव में आदिवासियों की समस्याओं को समझने वाले सभी जागरूक लोगों की सहभागिता होगी। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे, गुजरात के आदिवासी नेता नारायण राठवा भी शामिल होंगे।

### आदिवासी मुद्दे की अनदेखी नहीं की जा सकती

शिवा कच्छप ने कहा कि अब आदिवासियों के मुद्दे की अनदेखी नहीं की जा सकती है। प्रभाकर तिर्की में कहा कि भारतीय संविधान की पवित्रता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर प्रहार करने को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। रतन तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की पहचान और उनका अधिकार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। पांचवीं अनुसूची की अनदेखी और आदिवासियों के मुद्दे पर कोई समझौता किया जायेगा, तो आदिवासी शांत नहीं बैठनेवाले हैं।

# पारसनाथ रेलवे स्टेशन अब होगा हाइटेक

**आजसू पार्टी ने की लोकमान्य तिलक एक्स्प्रेस के ठहराव की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत पारसनाथ स्टेशन को हाइटेक किया जायेगा। इससे संबंधित कार्यों का जायजा लेने को धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा शनिवार को पारसनाथ स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उनसे आजसू पार्टी की महासचिव और डुमरी विधानसभा प्रभारी ने मुलाकात की। डीआरएम को पारसनाथ स्टेशन में यात्रियों और ग्रामीणों के सुविधा के लिए मांग पत्र भी सौंपा।

इसमें उनसे पारसनाथ स्टेशन से ग्राम तुईयो की ओर जाने के लिए अंडर ओवर ब्रिज निर्माण, पारसनाथ स्टेशन के बगल से पिपराडीह रेलवे गेट तक सड़क निर्माण की मांग की। ट्रेन संख्या 18609 लोकमान्य तिलक एक्स्प्रेस ट्रेन के पारसनाथ में ठहराव, ट्रेन संख्या 03542 गोमो से आसनसोल तक संचालित



एक्स्प्रेस का पारसनाथ तक विस्तार, ट्रेन संख्या 22858 आनंद विहार से संतरागाछी साप्ताहिक ट्रेन का पारसनाथ में ठहराव, ट्रेन संख्या 12443 आनंद विहार से हल्दिया साप्ताहिक ट्रेन और ट्रेन संख्या 12803 झारखंड स्वर्ण जयंती ट्रेन का पारसनाथ में ठहराव का आग्रह किया।

पारसनाथ स्टेशन में यात्रियों के लिए बड़ा प्रतीक्षालय हॉल के निर्माण का भी आग्रह किया। डीआरएम ने तुईयो की सड़क की समस्या को जल्द ही निष्पादित करने का आश्वासन दिया। अगली बैठक में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव के मांगों को प्रस्ताव में रखे जाने का भरोसा दिया।

# आम लोगों के लिए छह फरवरी से खुलेगा राजभवन उद्यान

## 400 किस्म के गुलाब-फूलों का कर सकेंगे दीदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह फरवरी से खोला जायेगा। उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा। कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर-दो से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच कराकर दिन के एक बजे तक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा।

राजभवन ने लोगों की भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शक को अंदर अधिकतम 30 मिनट तक ही भ्रमण करने की अनुमति दी है। प्रवेश करने के लिए हर व्यक्ति को अपने पास पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब और फूल हैं। विदेशों से मंगाये गये फूल सहित भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग में लाये गये टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि आकर्षण का केंद्र हैं।



### ये हैं आकर्षण का केंद्र

फूलो झानो उद्यान, नौ म्यूजिकल फाउंटेन, महात्मा गांधी औषधी उद्यान और गुरु गोविंद सिंह वाटिका स्थित तालाब में मछलियां आकर्षण के केंद्र हैं। उद्यान में अकबर गार्डेन, बुद्ध गार्डेन, अशोका, मूर्ति गार्डेन आदि देखने लायक है। विदेशों से मंगाये गये फूलों का संग्रह है।

**52 एकड़ में फैला है राजभवन:** झारखंड राजभवन लगभग 52 एकड़ में फैला हुआ है। इसका निर्माण 1930 में हुआ था। आम लोगों के लिए सबसे पहले उद्यान वर्ष 2004 में खोला गया था। उस समय सैयद सिब्ते रजी गवर्नर थे। परिसर में कृत्रिम ऑक्टोपस, पहाड़-झरने और दीवारों पर बने सोहराय पेंटिंग्स आकर्षण के केंद्र हैं। बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी है। परिसर में मौसमी फूलों की भरमार है। पीला बांस सहित रुद्राक्ष, कल्पतरू आदि के पेड़, आर्किड गार्डेन, स्ट्रॉबेरी, संतरा, सेब, चीकू, काजू, जामुन, कपूर, तेजपत्ता, लेमन ग्रास, गुलमर्ग, चंदन, लौंग, कबाबचीनी, दालचीनी, इलाइची आदि के पेड़ हैं।

# भारत के रत्न हैं आडवाणीः बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया। मरांडी ने शनिवार को कहा कि भारतीय राजनीति में आडवाणी जी शुचिता का प्रतीक हैं। उन्होंने न तो परिवार के लिए राजनीति की और न ही पैसे के लिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और घोषणा की कि जब तक



वह बरी नहीं हो जाते, तब तक वह सदन में प्रवेश नहीं करेंगे। जांच के बाद उन्हें बरी कर दिया गया और तभी उन्होंने संसद का चुनाव लड़ा। ऐसे आदर्श को भारत रत्न से सम्मानित करना अपने आप में गौरव की बात है। वह वास्तव में इसके हकदार हैं।

भारत रत्न देने पर बधाई देने वालों में क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गागराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, जेबी तुबिद, मनोज सिंह, गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा समेत अन्य शामिल थे।

# श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति का बैठक आज

**रांची (आजाद सिपाही)** । श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में शिव बारात संबंधी कई विषयों पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इंद्रपुरी शिव मंदिर के प्रांगण में प्रातः 10 बजे पहुंच कर बैठक में शामिल होकर बैठक को सफल बनायें। यह जानकारी श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी है।

## तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामला

# पांच साल बाद परिजनों को मिला मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरायकेला में तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामले में पांच साल बाद परिजनों को मुआवजा मिला है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की अनुशंसा के बाद तबरेज आलम की पत्नी सहिस्ता परवीन को दो लाख का मुआवजा दिया गया। इससे संबंधित आदेश झारखंड के गृह विभाग ने जारी कर दिया है।

तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामला 17 जून 2019 का है।



तबरेज जमशेदपुर से अपने गांव वापस लौट रहा था, तभी सरायकेला इलाके के धातकीडीह गांव के कुछ लोगों ने उसे चोरी के आरोप में पकड़ लिया था। उसके बाद बिजली के खंबे में बांधकर उसकी पिटाई की थी। पुलिस ने तबरेज को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ गयी और 22 जून 2019 को अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। सरायकेला कोर्ट ने इस मामले में बीते पांच जुलाई 2023 को 10 दोषियों को दस साल की सजा सुनायी। साथ ही सभी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरायकेला सिविल कोर्ट के एडीजे-1 अमित शेखर की कोर्ट ने आइपीसी की धारा 304 के तहत दोषियों को सजा सुनायी। कोर्ट ने जिन 10 लोगों को दोषी करार दिया, उनमें भीम सिंह मुंडा, कमल महतो, मदन नायक, अतुल महली, सुमंत महतो, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेमचंद महली और महेश महली शामिल हैं।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के 72 घंटे हो जाने के बाद भी धाराओं की जानकारी नहींः सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और उसके बाद गठबंधन सरकार के गठन में देरी पर झामुमो ने भाजपा पर हमला बोला। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सभी लोग यही बोल रहे हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। इसकी परिकल्पना हम लोगों ने 29 दिसंबर से सोच रहे थे। सरकार का गठन होने के बाद से ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा था। इनकी सीधी सोच है कि सरकार बनाओ। जनता ने समर्थन दिया तो ठीक, नहीं तो परेशान करके सरकार गिरा दो और फिर सरकार बना लो। इसका उदाहरण कई राज्य हैं।




गिरफ्तारी के 72 घंटे हो जाने के बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं हुई है। किस जुर्म में गिरफ्तार किया गया इसका कोई आधार अभी तक निकल कर सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सीएम के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री का चयन क्यों नहीं किया गया। यह जमीन आंदोलनकारियों की है। राज्यपाल से हम लोगों ने कहा कि कार्यपालिका का कोई अधिकारी नहीं है, लेकिन फिर भी मौन रहे। जब लोगों में आक्रोश देखा तब भाजपा को सांप सूंघ गया और रात में बुला कर सरकार बनने का न्योता दिया गया। राज्यपाल ने किस आधार पर बहुमत सिद्ध करने को कहा। किस चीज का विश्वास मत साबित करने की बात कर रहे हैं राज्यपाल महोदय। जितनी संख्या हमारी पहले थी अभी भी हमारे पास है। 47 विधायक आज भी है। पार्टी जल्द ही श्वेत पत्र जारी करेगी और बताने का कम करेगी कि कैसे गैरकानूनी तरीके से राजनीतिक तरीके से परेशान किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में हिम्मत है तो अविश्वास प्रस्ताव लाकर दिखाये। भाजपा और आजसू का बहुमत मिलाकर 28 की संख्या है। कोर्ट ने भी हेमंत सोरेन को विश्वास मत (फ्लोर टेस्ट) के दौरान विधानसभा शामिल होने का अनुमति दिया है।

# झामुमो में हिम्मत है तो हेमंत सोरेन के दिल्ली से रांची भाग कर आने का श्वेत पत्र जारी करे : अरुण उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कर्मो से जेल गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को कई बार पत्र लिखकर सचेत भी किया। दोषियों पर कारवाई की सलाह दी, लेकिन सत्ता के अहंकार में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई विधि सम्मत कार्रवाई है। लूट और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ही इडी सीबीआई जैसी संस्थाएं इस देश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि



झामुमो ने किस मजबूरी में चंपई सोरेन को नेता चुना है यह जनता समझ चुकी है। इतना ही था तो झामुमो बताए कि सरफराज अहमद का इस्तीफा क्यों हुआ? क्यों कल्पना सोरेन को विधायक दल की बैठक में शामिल कराया गया। झामुमो को हिम्मत है तो बताए कि मुख्यमंत्री अपने दिल्ली आवास से फरार क्यों हुए। चार्टर्ड प्लेन से गए थे और भगोड़े की तरह भागते भागते रांची क्यों पहुंचे? झामुमो को बताना चाहिए कि दिल्ली से रांची भागकर आने के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रूट चार्ट क्या था। कौन कौन सुरक्षा अधिकारी उनके साथ थे। झामुमो बताएं कि आखिर 48 घंटे तक हेमंत सोरेन ने राज्य को किसके भरोसे छोड़ था। आखिर कौन सी मजबूरी थी कि राज्य की जनता को मुख्यमंत्री के गायब होने की खबर पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। उन्होंने कहा कि झामुमो अपनी नाकामियों और विफलताओं पर श्वेत पत्र जारी करे। अपने वादा खिलाफी, युवा, बेरोजगार, किसान, के साथ हुए अन्याय पर बताए। झारखंड में मची जल,जंगल जमीन की लूट पर श्वेत पत्र जारी करे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ हुए 6 हजार से अधिक दुष्कर्म की घटनाओं पर श्वेत पत्र जारी करे। झामुमो उल्टी सीधी बातों के साथ अपनी नाकामियों और भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान बांटना चाहता है।

## बच्चों ने मैजिक शो से जादुई छटा बिखेरी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के प्रांगण में कक्षा एलकेजी से कक्षा द्वितीय के छोटे-छोटे जादूगरों ने पूरे उत्साह से मैजिक शो में भाग लिया। प्यारे-प्यारे बच्चों ने मैजिक शो के माध्यम से अपनी कला के जादू को एक प्रशिक्षित कलाकार की भांति प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बहुत ही मजेदार और मनमोहक जादू दिखाया जैसे रुमाल के अंदर से सिक्का को गायब करना, खाली टोपी के अंदर से कागज निकलना, पानी का रंग बदलना, सिक्कों की संख्या को बढ़ाना घटना आदि। इस शो के दौरान सभी बच्चों और शिक्षकों ने खूब मस्ती की। बच्चों ने पूरी दक्षता से जादू दिखाया जो इस शो का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा दक्ष चौधरी, तेजस मांझी, दर्शित तिवारी और उज्ज्वल भारती प्रथम स्थान पर रहे जयदीप, अनिका सिन्हा और रौनव कुमार द्वितीय स्थान पर रहे, राजदीप, अनमोल गुप्ता और आरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने भी इस शो को बहुत ही रुचि से देखा और बच्चों के कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह, संध्या कुमारी, लक्की पाठक, शिल्पी गुप्ता, वंदना दुबे, महजवीं प्रवीण और लक्ष्मी कुमारी मौजूद थे। मंच संचालन कक्षा पांचवीं की शाम्भवी सिंह ने किया तथा निर्णनायिका शिल्पी गुप्ता रहीं।

## महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी, दो गिरफ्तार



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कोडरमा निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार के द्वारा अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें बृहद पैमाने पर अवैध शराब की छापेमारी ग्राम समलडीह में की गयी। इस दौरान लगभग 2500 किलो जावा महुआ और डेढ़ सौ लीटर शराब और शराब बरामद किया गया और शराब बनाने वाला उपकरण को स्थल पर ही नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध संजय चौधरी और सरवन चौधरी समलडीह निवासी को पड़कर उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया है।

## बालू लदे ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने राजावर पुलिस कैंप बैरियर के पास बिना परिवहन चालान के एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। जप्त ट्रैक्टर को पुलिस ने पड़कर थाने लायी है। प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि इसी प्रकार की छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाकपा माले ने किया जन आक्रोश सभा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले जिला कोडरमा और आदिवासी संघर्ष समिति द्वारा प्रखंड के डगरनवा पंचायत स्थित ग्राम लोहावर में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम सोरेन ने की जबकि संचालन प्रखंड सचिव बहादुर यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि वन विभाग गरीब आदि वासी, वनवासी को डराना बंद करें, और सभी गरीबों को वन अधिनियम के तहत सरकार वन पट्टा की गारंटी करें। यदि तमाम गरीबों को वन विभाग द्वारा परेशान किया जाता रहा तो जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, जिला कमिटी सदस्य भागीरथ सिंह, अशोक यादव, विनोद पांडेय, डोमचांच प्रखंड कमिटी सदस्य राजेन्द्र साव, डोमचांच उप प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार साव, सुरेश यादव, इंकलाबी नौजवान सभा के सकल देव यादव, बैजू सोरेन, नरेश हेम्ब्रम, कार्तिक सोरेन, सोनिया मुर्मू, अनीता मुर्मू, सरिता देवी, किरण देवी, संगीता देवी, देवंती देवी, मालती हेम्ब्रम आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में नामांकन शुरू



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में नए सत्र 2024-25 के लिए कक्षा एलकेजी से कक्षा नवम तक नामांकन में विशेष छूट दी गयी है। इस आशय कि जानकारी प्राचार्य पुनीत यादव ने दी। प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि अपने क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने यह निर्णय लिया कि इस वर्ष माघ पंचमी सरस्वती पूजा तक विशेष छूट की व्यवस्था की गयी है। प्राचार्य ने अपने क्षेत्र के अभिभावकों और नामांकन के लिए प्रतीक्षारत विद्यार्थियों से अपील की है कि इस वर्ष में 15 फरवरी तक नामांकन में विशेष छूट का लाभ लें और अपने अपने बच्चों का नामांकन सीबीएसई से मान्यता प्राप्त आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में करायें।

## परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बैठक




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान और वाणिज्य) 2024 के सफल संचालन को लेकर तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी माध्यमिक केंद्र अधीक्षक और सभी संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। जबकि इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित होगी। जिले में 10वीं की परीक्षा के लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं और 12वीं की परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा के संचालन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति हेतु संयुक्त आदेश जारी किया गया है।

# तिवारी गैंग के दो अपराधी गिरफ्तार

**रंगदारी में लिये गये नगद 1 लाख 56 हजार 500 रुपये बरामद**




आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** तिवारी गैंग के द्वारा चरही और गिद्दी थाना अंतर्गत कई कोयला व्यापारियों से लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी, जिस संबंध में चरही थाना कांड संख्या 101/2023 दिनांक 05.12.2023 धारा 387/34 भादवि दर्ज करते हुये कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य के मदद से कांड का उदभेदन किया गया। जिसमें यह बात प्रकाश में आयी कि विकास तिवारी गिरोह के वरूण तिवारी पिता अजय तिवारी सा- विकास नगर थाना-रामगढ़ जिला रामगढ़ और गोपाल सिंह पिता कृष्णा सिंह सा०-बंगाली टोला थाना-रामगढ़ जिला रामगढ़ के द्वारा ही कोयला व्यापारियों / कंस्ट्रक्शन कंपनी को रंगदारी वसुली की धमकी दी गयी थी। उक्त घटना में शामिल दोनों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत अपराध में प्रयुक्त चार मोबाइल नंबर, दो डायरी और रंगदारी में लिये गये नगद 1 लाख 56 हजार 500 रूपये और सभी कोयला व्यापारियों / कंस्ट्रक्शन कंपनी से ली गयी रंगदारी की राशि का व्योरा डायरी सहित बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों 05 जनवरी को तापिन नोर्थ में इन्हीं के द्वारा ही रंगदारी की राशि वसूली हेतु गोली चलवाने की बात कही गयी है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। बैठक में राहुल गांधी के न्याय यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों की समिक्षा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं, सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्मल सिंह होटल डेमोतांड 5 फरवरी को प्रातः 6.30 बजे रामगढ़ थाना चौक के लिए प्रस्थान कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अदिब रिजवी, बिनोद सिंह, संजय गुप्ता, निसार खान, दिलीप कुमार रवि, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, अजय गुप्ता, साजिद हुसैन, गोविंद राम, लाल बिहारी सिंह, शारदा रंजन दुबे, मकसुद आलम, सलीम रजा, परवेज अहमद, जावेद इकबाल, रघु जायसवाल, सदरूल होद्दा, उपेन्द्र कुशवाहा, अनवर हुसैन, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, विजय कुमार सिंह, राम कुमार पटेल, अजित कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, रिंकू कुमार, पंचम पासवान, अमृतेष रंजन, मो. गालिब, नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंझू, मो. इसराइल, अमर सिंह यादव, देवधारी प्रसाद मेहता, सालिक जफर, मुकेश साव, दरगाही खान, चंद्र शेखर आजाद, कौशल सिंह ओबीसी के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष की छवि खराब करने की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह सह समाजसेवी की छवि खराब करने हेतु गलत तरीके से सोशल मीडिया में फोटो और ट्रैक्टर मालिकों को भड़काने साजिश रची गयी। जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया कि हमारे नाम का और पार्टी की छवि खराब करने को लेकर हेमंत महतो पिता गाली महतो के मोबाइल नंबर 9122543411 से बड़कागांव न्यूज ग्रुप और अन्य ग्रुप में 2 फरवरी को रात्रि करीब 8:30 बजे से गलत तरीके से वायरल कर बदनाम करने की साजिश रची गयी। जिसको लेकर सिंह ने थाने में आवेदन दिया जिसमें लिखा गया कि मुझे और हमारी पार्टी की छवि धूमिल करने की साज़िश रची जा रही। रात्रि में मीडिया ग्रुप में चेक कर रहा था तभी 9:13 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल आया जिसका मोबाइल नंबर 9122543411 जो अपना नाम हेमंत महतो बताया। मैंने पूछा मुझे इस तरीका से बदनाम करने की साजिश क्यों की जा रही है तब उसने कहा कि मुझे कुमरडीहा नयाटांड निवासी पंकज ठाकुर ने मुझे सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल करने को कहा। थाने में दिये गये आवेदन के माध्यम से साजिश के तहत उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ ट्रैक्टर मालिकों ने उनके खिलाफ शिकायत लेकर हमारे पास आये थे जिसको लेकर मैंने उसे डांटा था जिसके यह गलत में यह कार्य वह कर रहा है।

## गोंदलपुरा के रैयतों की प्रेस कांफ्रेंस

# किसी प्रकार की कोई ग्रामसभा हुई ही नहीं: रैयत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत के किसानों कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति ने आज बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस में समिति के अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ विकास कुमार, उप मुखिया रवि कुमार, चंदन कुमार कृष्ण यादव, पिंटू कुमार प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित ग्राम सभा / लोक सुनवाई जो महुगाईं कला पंचायत भवन में आहूत की गयी थी, वहां प्रभावित गांव की जनता विरोध में पूरे समय तक डटी रही। जिसके कारण उक्त स्थल पर कोई प्रशासनिक पदाधिकारी या कंपनी के पदाधिकारी नहीं पहुंच पाये। इस कारण ग्राम सभा हुआ ही नहीं। किसानों ने बताया कि कोल कंपनी की ग्राम सभा को अखबार में छपवाया है, वह फर्जी ग्राम सभा है। क्योंकि वहां पर रैयतो और ग्रामीणों की कोई सहमति नहीं थी।

इसके बावजूद आज के विभिन्न दैनिक अखबारों छपी है कि लोक सुनवाई संपन्न हुई, जो झूठी ही नहीं जन विरोधी भी है। अगर, यह समाचार सत्य है तो प्रशासनिक पदाधिकारी का जन विरोधी और कंपनी हित में काम करने का जो आरोप लगता है वह सत्य साबित होता है। हम सब प्रभावित गांवों के लोग प्रशासनिक पदाधिकारी के इस कार्य के खिलाफ हैं और आगे आंदोलन का रास्ता देखेंगे। साथियों भारत सरकार के एलएआरआर एक्ट 2013 में यह स्पष्ट रूप से अंकित है कि कोई भी परियोजना प्रभावित गांव की 80 प्रतिशत जनता की स्वीकृति के बाद ही लगेगी जबकि अडानी के इस परियोजना में कोई आम सभा अथवा ग्रामसभा इस हेतु आज तक नहीं हो पायी है। इसके अतिरिक्त भारत की संविधान की धारा 48, ' क ' में यह स्पष्ट रूप से वर्णित है कि केंद्र और राज्य की सरकारें वन और वन्य जीव का संरक्षण और संवर्धन करेंगे। अब आप ही सोचिए क्या इस परियोजना से वन और वन्य जीव सुरक्षित और संरक्षित रहेंगे अथवा उनके ऊपर खतरा मंडरायेगा।

## कस्तूरबा में 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा और झारखंड बालिका विद्यालय चलकुशा में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू है। इसकी जानकारी विद्यालय की वार्डन सिंपल कुमारी ने दी। कस्तूरबा बरकट्ठा में कक्षा छह के लिए 75 छात्रा, कक्षा नवम के लिए 26 तथा चलकुशा में कक्षा छह के लिए 50, कक्षा सात के लिए 35, कक्षा आठ के लिए 33 और वर्ग नवम के लिए 24 छात्राओ की रिक्तियां हैं। एडमिशन के लिए नामांकन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त कर सकते है। नामांकन प्रपत्र भरकर 24 फरवरी तक भरकर विद्यालय में जमा करना है। नामांकन में अनाथ, एकल अभिभावक, दुर्गम क्षेत्र, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, ट्रैफिकिंग, प्रवासी मजदूर, आदिम जाति, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

# सुनैना शू सेंटर के संचालक के खाता से साइबर ठगों ने उड़ाये 11,700 रुपये

**साइबर ठगी रुकने का नाम ही नही ले रहा है प्रखंड क्षेत्र में**

आजाद सिपाही संवाददाता




**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत के सुनैना शु सेंटर संचालक रोहित कुमार का भारतीय स्टेट बैंक झरपो में सेविंग अकाउंट है जिसमें गुरुवार को 11700 रुपये की निकासी कर ली गयी बता दे कि जब शु सेंटर के संचालक रोहित कुमार को तब पता चला जब उनके मोबाइल पर 9142833380 नंबर से फोन आया और ओटीपी मांगा गया कि आपका खाता बंद हो गया है अभी तुरंत चालू किया जायेगा, आप ओटीपी नंबर दीजिए ओटीपी नंबर देते के साथ खाता से राशि निकाल लिया गया जब वह मैसेज देखा तब पता चला कि मेरा खाता से पैसा निकाला गया है वह आनन फानन में शुक्रवार को एसबीआई शाखा झरपो के शाखा प्रबंधक से मिलकर अपना आप बीती बताया और फिर शाखा प्रब नधक स्थानीय थाना में आवेदन देने को कहा भूक्त भोगी ने थाना में आवेदन देकर पैसा वापस कराने का गुहार लगाया है। यह घटना टाटी झरिया बैंक से भी कई बार ऐसा शिकायत देखने को मिला है। अभी भी साइबर ठगी का मामला थम नहीं रहा है, वही झरपो पंचायत के मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उप प्रमुख रवि वार्नवाल ने इस घटना पर दुख व्यक्त कर प्रशासन को इस पर कड़ा संज्ञान लेने को कहा है।

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने डीसी-एसपी को लिखा पत्र



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने हजारीबाग उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिखकर व्यापारियों की और आम जनों की समस्या से अवगत कराया। साथ ही समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगायी। उपायुक्त से बालू की अनुपलब्धता से परेशानी, निर्माण कार्य ठप होना और निर्माण कार्य से संबंधित अन्य व्यापार भी प्रभावित होना, निर्माण कार्य में लगे कारीगर और मजदूर बेकार होकर भुखमरी के कगार पर है। इन सभी बातों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए उपायुक्त से आग्रह किया गया। साथ ही आरक्षी अधीक्षक का ध्यान शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधि और चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था की और आकृष्ट कराया गया है और इसका शीघ्र समाधान के लिए संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने का निवेदन किया गया है।

## कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने शाहिद शेख



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा निवासी शाहिद शेख को प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष साजिद अली खान की अनुशंसा पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने स्वीकृति प्रदान किया है। जिलाध्यक्ष ने शाहिद शेख को हजारीबाग में मनोनयन पत्र सौंपा। प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने के बाद शाहिद शेख ने कहा की मोर्चा के प्रदेश प्रभारी उमैर खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे। शाहिद शेख को अध्यक्ष बनाये जाने पर वरिष्ठ नेता मणिलाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार, बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सरफराज अहमद समेत अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## फहिमा अकादमी के बच्चों का गतका प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड गतका एसोसिएशन द्वारा स्टेट सब जूनियर-सीनियर गतका चैंपियनशिप रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में बरही में आयोजित किया गया। जिसमे फहिमा अकादमी स्कूल के सात छात्रों को गोल्ड, सिलवर और ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त हुवा। कक्षा पांचवी के छात्र मो रिजवान को गोल्ड मैडल, हादी अली, आकाश मुंडा, शिवम कुमार को सिलवर, मो अयान को ब्रॉन्ज और कक्षा आठवीं के छात्र हिमांशु कुमार को ब्रॉन्ज और मो खालिद को सीवर मैडल प्राप्त हुआ। स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने बच्चों को बधाई देते हुए छात्रों के मेहनत की काफी सराहना की और भविष्य में खेल के छेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने का सलाह दिया। साथ ही उन्होंने गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी प्रिंस कुमार मिश्रा और कोच अंशु राज को धन्यवाद दिया की उन्होंने बच्चों के प्रतिभा को पहचाना और उनके प्रतिभा को निखारा। बच्चों के इस तरह के प्रदर्शन से स्कूल के शिक्षकगन काफी उत्साहीत हैं और भविष्य में बच्चों के द्वारा और भी बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। बच्चो के उत्साहवर्धन समारोह में स्कूल के शारीरिक शिक्षक सोमनाथ कुमार, हसरत अली, मो बेलाल, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, गौतम कुमार, मो सफीक, अबदाल आलम, महताब आलम, बीरेंद्र प्रसाद, पल्लवी राणा, माजदा प्रवीण, नाजिआ मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में इंटरमीडिएट के पांच और मैट्रिक के सात परीक्षा केंद्र बनाये गये

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिये पांच परीक्षा केंद्र और मैट्रीक की परीक्षा के लिए सात परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए इंटर कालेज विष्णुगढ़, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, कन्या मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, और मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ शामिल है। वही मैट्रिक परीक्षा के लिए इंटर कॉलेज विष्णुगढ़, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, कन्या मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना उच्च विद्यालय बनासो और मध्य विद्यालय बनासो केंद्र बनाये गये है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1660 और मैट्रिक की परीक्षा में 2504 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। आगामी छः फरवरी से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ हो रही है।

## दशम वर्ग के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीबीएसई से संचालित विद्यालय आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के दशम वर्ग के विद्यार्थियों का विदाई दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपप्राचार्य राम लखन सिंह यादव कॉलेज झुमरी तिलैया डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव और आइडियल प्रोगेसिव स्कूल पावर हाउस दंडाडीह के निदेशक कन्हाई चंद्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि निश्चित तौर पर विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं और उन्हें बेहतर करने के लिए विद्यालय से विदाई दी जा रही है ताकि वह मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर संपूर्ण देश भर में विद्यालय ही नहीं संपूर्ण जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि वास्तविक तौर पर यह विद्यालय पूरे क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट के लिए जाना जाता है। यहां के विद्यार्थी निश्चित तौर पर आने वाले परीक्षा में बेहतर करेंगे। प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि विद्यालय खुलने से लेकर आज तक यहां के विद्यार्थियों के द्वारा बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की जाने की परंपरा रही है। निश्चित तौर पर 2024 के परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन का जिले में ही नहीं बल्कि राज्य में परचम लहराने का काम करेंगे। निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि यह विद्यालय पहले जैक से संचालित था अब सीबीएसई से संचालित विद्यालय हो चुका है। मौके पर वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, श्याम सुंदर यादव, विनोद यादव, प्रकाश यादव, सिकंदर यादव, ब्रह्मदेव पांडेय, विकास पाठक, मनीष सिंह, सतीश कुमार, गायत्री कुमारी, प्रियंका कुमारी, महेश यादव सहित कई शिक्षक ने विद्यार्थियों को दिशा निर्देशित किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय ने किया।

# ग्रेन गोला पर अवैध कब्जा को लेकर स्थानीय लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**200 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर डीसी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के गोलपार में खाता नंबर 59 प्लॉट नंबर 290 जो पीडब्ल्यूडी द्वारा अधिग्रहित की गयी जमीन है, उसपर भू-माफिया हावी होते हुए नजर आ रहे हैं। शुक्रवार की शाम डीसी चंदन कुमार ने भी इस स्थल का बारीकी से मुआयना किया। इस स्थल को भू माफियाओं के चंगुल से बचने के लिए 200 से अधिक स्थानीय लोगों ने छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह के नेतृत्व में हस्ताक्षर कर एक ज्ञापन शनिवार को डीसी को सौंपा है। आम नागरिकों ने यह कहा है कि 80 से 90 वर्ष पुरानी इस सरकारी जमीन पर आज तक किसी ने भी अपना दावा पेश नहीं किया। अक्सर भू माफिया फर्जी दस्तावेज बनाकर इस पर अपना हक जताते हैं। डीसी को लिखे गये ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नंबर 2 स्थित पीडब्ल्यूडी द्वारा अधिग्रहित भूमि को भू-माफिया कब्जा कर बेचने का प्रयास कर रहे हैं। उस सरकारी जमीन पर भगत सिंह क्लब, सामुदायिक भवन, आयुष्मान शहरी प्राथमिक चिकित्सालय और अनाज भंडारण के लिए एक पुराना भवन भी मौजूद है। इसी जमीन पर गरीबों का 40 सरकारी शौचालय और 40 से अधिक घर भी मौजूद है। जिसका होल्डिंग नंबर छावनी परिषद के द्वारा निर्गत किया गया है।

**सौंपे गये ज्ञापन में इन लोगों का है हस्ताक्षर:** सौंपे गये ज्ञापन में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, राजू नायक, राजन नायक, लक्ष्मी देवी, बिगनी देवी, दीपक पासवान, शंकर नायक, अनिता देवी, रमेश नायक, चमेली देवी, ग्यास खान, मो तनवीर आलम, उमेश ठाकुर, फजलू खान, अली राजा, अफरोज अंसारी, प्रदीप राम, कयूम अंसारी, रोहन राम, सलोनी कुमारी, अख्तर खान, आदेश कुमार, सूरज नायक, मनोज यादव, मो अफरोज, शौकत अली, रोहन कुमार, रणवीर नायक, बुधनी देवी, आजाद खान, दिलीप सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## 1958 में बने नक्शे में मौजूद है अधिग्रहण के सबूत

1958 में एक रैयत के द्वारा छावनी परिषद को कुआं के लिए जमीन दान किया गया था। जिसका रजिस्टर्ड डीड और नक्शा भी मौजूद है। उस नक्शे में साफ-साफ लिखा गया है कि कुआं के उत्तर दिशा में पीडब्ल्यूडी की अधिग्रहित की गयी जमीन है। सौंपे गये ज्ञापन डीसी को यह भी बताया है कि इसी जमीन पर वर्षों पहले राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय भी चलता था।

## भू-माफियाओं पर हो कानूनी कार्रवाई

अब इस जमीन पर भू माफियाओं के द्वारा कब्जा करने की साजिश रची गयी है। कई बार आने-जाने वाले 80 से 90 वर्ष पुराने रास्ते को जबरन बंद भी कर दिया गया था। इस पूरे प्रकरण को ध्यान में रखकर आम जनता ने उस सरकारी जमीन को हड़पने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लि. की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## चतरा में पोस्ता खेती विनिष्टिकरण अभियान

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपही)। वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभुषण कुमार और प्रशिक्षु डीएसपी सह बशिष्ठ नगर थाना प्रभारी वसीम रजा के निर्देश पर शुक्रवार को संयुक्त रूप से पोस्ता खेती विनिष्टिकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान बशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के रक्शी वन भूमि और गैर वन भूमि के अंदर अवैध ढंग से लगाये गये लगभग दो एकड़ पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से जोत कर विनिष्ट किया गया। इस संबंध में प्रभारी वनपाल पवन कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं वन विभाग की ओर से सख्त हिदायत दिया गया था की पोस्ते की खेती करना गैर कानूनी है इसके बावजूद लोगों ने बड़े पैमाने पर जंगल को काटकर खेती किया गया है। पोस्ता की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी वनपाल पवन कुमार के द्वारा किया गया। अभियान में वनरक्षी तेयोफील बाड़ा, कपीलदेव कुमार मेहता, राजिव रंजन, कपिलदेव मेहता, सुबोध सोनी और जोरी थाना पुलिस बल तथा चौकीदार को शामिल किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं. : 1. ई-निविदा सं० :** पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-61-23-24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** टोरी-शिवपुर तीसरी लाइन के निर्माण के अंतर्गत सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र के बुकरू, बालूमाथ और फुलबसिया साइडिंग में बाउंड्री वॉल/विंड ब्रेकिंग वॉल का निर्माण, आरओबी में क्रैश बैरियर का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 20,09,66,237.98, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 11,54,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने

**क्रम सं. : 2. ई-निविदा सं० :** पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-71-23-24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** Dy. CE/C/बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना-रांची खंड की बी.जी. रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144) – सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 152.520 से 160.600 (किमी 155.250 से 155.750 और किमी 156.700 से 156.900 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 31,47,54,761.50, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 17,23,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 10 महीने

**निविदि बंद होने की तिथि एवं समय 23.02.2024, 15:30 बजे**

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाएं गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना**
**पीआर/02231/कॉन/इंजी०/टी/23-24/56**

## विन्ध्येश्वरी मंदिर से अयोध्या सेवादार रवाना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विन्ध्येश्वरी देवी मंदिर परिसर से अयोध्या के लिए सेवादार रवाना हुआ। जिसके लिये भाजपा ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दिया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद और जिला महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में भाजपा के 10 कार्यकर्ता की एक टोली दिलीप सिंह, प्रवीण कुमार सोनु, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, सतीश मोहन मिश्र, जितेन्द्र साहु, अनिल कुमार सोनी, निरंजन कुमार, राजन कुमार पांडेय अवधपुरी में श्रीराम लला के दर्शनार्थियों की सेवा के लिए रवाना हुए। वे सभी रामभक्त कोडरमा स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। वहां श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं के सेवारत संगठनात्मक व्यवस्था में शामिल हो कर सेवा देंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, जिलाअध्यक्ष प्रविण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, सह संयोजक रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, कार्यक्रम प्रभारी राजू चतुर्वेदी, महामंत्री खिरोधर साहु, राजीव पामदत्त, नमेन्द्र चंचल, शिव कुमार महतो, सुरजीत सिंह छाबड़ा, भारत विकास परिषद् के जिला अध्यक्ष नीरज पाठक, भाजपा नेता धीरज साहु, संतोष कुमार साह, ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, नितिश कुमार, राजेश ठाकुर, मनोज सिंह, सुनील प्रसाद, सत्यजीत सिंह, सुधान सिंह, सौरभ जायसवाल, सुमित कुमार अग्रवाल, डाक्टर इंद्र देव साहु, जनार्दन पांडेय, अमित ठाकुर, शिव कुमार गुप्ता, और पार्टी के श्रेष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

## चतरा में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कार्यालय में मिलने आये लाभुकों के साथ अभद्रता बर्दास्त नहीं: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी गयी ओरजनता दरबार में चतरा प्रखंड के ग्राम रामटुंडा का रहने वाला एक दिव्यांग व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं राजस्थान के झुंझुनू जिले में क्रेशर में काम करता था। वहीं मेरा हाथ क्रेशर में काम करने के दौरान कबर गया। जिसके कारण मैं शारीरिक रूप से आपाहिज हो चुका हूं। घर में आर्थिक आय का माध्यम मैं ही था। काम नहीं कर पाने के कारण काफी दिक्कत और परेशानी का सामना मेरे परिवार को करना पड़ रहा है। घर में पेट भरने के लिए राशन तक उपलब्ध नहीं है। इस पर उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, आपूर्ति, भूमि विवाद, सामाज कल्याण समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं उपायुक्त ने उक्त आयोजित जनता दरबार के दौरान जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर कहा सभी पदाधिकारी यह ध्यान देंगे कि प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालयों में अगर कोई आमजन समस्याओं को लेकर आते हैं तो इसका निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यह भी ध्यान रखा जाय की दूर दराज से गरीब लाभुक बहुत ही उम्मीद से अपने मामले को लेकर कार्यालय पहुंचते है। आगे उन्होंने कहा कि प्रायः यह शिकायत प्राप्त होती है कि किसी कार्य या शिकायत के लिए लाभुक अगर प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय आते हैं तो उनके साथ कर्मी/अधिकारी अभद्रता से पेश आते हैं। इस तरह के कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि **पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (विशेष) सत्र दिनांक-05 फरवरी, 2024** से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या:- जनसम्पर्क - 03/2024- 330 / वि. स., राँची,
दिनांक : 03.02.2024

## विश्व कैंसर दिवस पर अग्रसेन स्कूल में परिचर्चा का आयोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में कैंसर के संबंध में बच्चों के बीच परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कैंसर जैसी प्राणघातक बीमारी की वजहों और इससे बचने के उपायों पर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने गुटखा और पान मसाला के सेवन को आज के दौर में इसका प्रमुख कारण बताया। इसके अलावा गलत लाइफ स्टाइल, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, पॉलीथिन का अत्यधिक प्रयोग, स्वच्छता को दरकिनार करने को भी कैंसर का कारक बताया। कहा कि कैंसर जैसी बीमारी की गिरफ्त में आने से पहले हमारा शरीर कई तरह के संकेत देता है। लेकिन हम उन लक्षणों की अनदेखी करने लगते हैं। बाद में बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। कहा कि कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारी का पता समय पर चलता है, जिससे उसके इलाज में मदद मिलती है। महिलाओं को स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के बारे में और सजग रहना चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता बेहद जरूरी होती है। व्यायाम और योग करने की आदत डालनी चाहिए। विश्व कैंसर दिवस पूरी दुनिया को एकजुटता का मौका प्रदान करता है। लोगों को इस जटिल समस्या का सामना करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। अभिभावकों को भी पान, बीड़ी गुटखा और तंबाकू आदि पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया गया। परिचर्चा में अदिति कुमारी, ओम कुमारी, नवीन कुमार, अर्शल अहमद, एंजेल वर्मा, उन्नति सिंह, अदिति, खुशी पांडेय, मो अनस, अंशु गुप्ता आदि ने हिस्सा लिया।

## एसकेबी प्लांट मुरपा से निकलते प्रदूषण के खिलाफ बैठक

# अधिकारियों को आवेदन देने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** एसकेबी स्टील प्लांट, मुरपा से बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने नावाडीह आंगनवाड़ी केंद्र के समीप बैठक की। बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश पटेल व संचालन कृष्णा महतो ने किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्लांट संचालक के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों से बिना सहमति लिए ही कार्य किया जा रहा है। वही, जमीन मालिक से घेराबंदी के नाम पर केवल लोहे की सामान रखने की बात हुई थी। लेकिन संचालक द्वारा रेलवे पीलर और प्लेट कारखाना का रूप में वृहत विस्तार कर दिया गया है। जिसके कारण क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण से लोग परेशान है। ध्वनि प्रदूषण से बच्चों को पढ़ाई समेत और अन्य कार्यों में परेशानी हो रही है। वही, फसल और स्वास्थ्य पर भी बेहद असर पड़ रहा है। इधर, ग्रामीणों ने प्लांट के खिलाफ मुखर होते हुए जिले के संबंधित पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से सूचित करने का निर्णय लिया है। बैठक में मुखिया ललिता देवी, तेजनाथ महतो, बादल महतो, जयनंदन पटेल, ईश्वर महतो, लकी कुमार, शंकर महतो, हेमनाथ महतो, फिरंगी महतो, खेमनाथ महतो, प्रदीप महतो, सुरेश महतो, दिनेश महतो, प्रेम पटेल, विनोद रजक, टेकलाल महतो, राजेश रजक, श्रवण कुमार, नीतीश कुमार, कुलदीप महतो, मुमताज अंसारी, गणेश महतो, कमलेश महतो, संगीता देवी, महेश महतो, संयोगिता देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, अनामिका देवी, उर्मिला देवी, अनीता देवी, प्यारी देवी समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## रूदल कुमार बने बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार सदस्य



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के रामगढ़ जिला महामंत्री रूदल कुमार को भारत संचार निगम लिमिटेड का दूरसंचार सलाहकार नामित किया गया है। इसपर उनके समर्थकों और करीबियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं रूदल कुमार ने कहा कि जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। बीएसएनएल की दूरसंचार सेवा को और बेहतर करने की दिशा में हरसंभव प्रयास करूंगा।

## डीएवी आरा के भूतपूर्व विद्यार्थी ने प्रबंधन को सौंपा सर्जिकल व्हील चेयर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल, आरा के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ राहुल कुमार और डॉ राधिका सिंह ने संयुक्त रूप से विद्यालय प्रबंधन को एक सर्जिकल व्हील चेयर उपहार स्वरूप सौंपा। मौके पर विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने दोनों विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य आलोक कुमार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। प्रात: कालीन सभा के सत्र के मौके पर भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी आरा का विद्यार्थी होने पर मैं अपने आपको खुशनसीब समझता हूं। देश और विदेश के मेडिकल कालेजों में डीएवी आरा के विद्यार्थी अपना परचम लहरा रहे हैं। आज के विद्यार्थियों को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलना और पढ़ना भी जरुरी है। मालूम हो कि डॉ राहुल कुमार सिंह जो वर्तमान समय में कोडिनेटर क्लिनिकल इस्तेब्लिसमेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य, मिशन, झारखंड, सरकार में कार्यरत हैं। वही, डॉ राधिका सिंह, जो सदर अस्पताल, रामगढ़ में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सदस्य और विद्यार्थी शामिल रहे।

## फलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा पंचायत में फलेरिया बिमारी से मुक्त पंचायत को लेकर शनिवार को जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही ग्राम जल और स्वच्छता समिति बलकुदरा के उपाध्यक्ष पद के अलावे 9 सदस्य चुने गये। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने बताया की चयिनत लोगों को कार्य जल जीवन मिशन के तहत पंचायत के नल-जल के रख-रखाव और प्रबंध करना होगा। इसके अलावा 2024-25 के वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर सहज कर्ता दल का भी गठन किया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पंचायत सचिव संगीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य राजु कुमार मुंडा, उपमुखिया लक्ष्मी कुमारी, जल सहिया अंजु देवी, वार्ड सदस्य सुमंती देवी, मुनि देवी, गुलचंद मुंडा, सेविका रायमुनी देवी, संगीता देवी, रुदो देवी, पुष्पा देवी, जालो देवी, सहिया दीदी बिमला देवी, अनिता देवी, स्वयंसेवक पुष्पा देवी, सखी महिला मंडल की सविता देवी, सुनिता देवी, निलू देवी, सुमन कुमारी मुंडा, रंजित उरांव, मनोज यादव, सुशिल मुंडा, भोला यादव आदि मौजूद थें।

## लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोर कमेटी की बैठक

# लोकसभा चुनाव में हर मतदाता करेगा वोट: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक कर कई निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी का गठन करने के उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने कमेटी के द्वारा किये जाने वाले कार्यों को लेकर भी आवश्यक जानकारियां दी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 22 बड़कागांव और 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर स्वीप के तहत विशेष योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

**जिले के सभी कर्मियों, जवानों और पदाधिकारियों का जुड़ेगा वोटर लिस्ट में नाम:** डीसी ने आम लोगों के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में चुनाव कार्यो में लगे अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस बल के जवानों आदि का भी मतदान आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 22 बड़कागांव और 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वैसे मतदान केंद्रों जहां पिछली बार मतदान प्रतिशत कम रहा था, उन्हें चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से उन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता प्रतियोगिताओं में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी के सदस्यों के रूप में चयनित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारीक्षनीलम शर्मा, डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में करें कार्य

स्वीप के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन में प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को लेकर डीसी ने वर्तमान समय में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा और रचनात्मक तरीके से करने का निर्देश दिया। लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदान संबंधित स्लोगन तैयार कर उनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर समय व कार्यक्रम के अनुसार टैग लगाने और ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## चंपाई सोरेन को सीएम बनने पर दी बधाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजू यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में झारखंड के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की गयी। वहीं राजू यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंपाई सोरेन को झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री, आलमगीर आलम, और सत्यानंद भोक्ता को मंत्री बनाये जाने पर बधाई दिया। मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डॉ जी आर भगत, लालो महतो, चरका करमाली, विश्वनाथ मांझी, संजय कुमार यादव, अजय कुमार मिश्रा, चंदू जायसवाल, दिपक कुमार यादव, राजकुमार सिंह, बाबू राम, विनोद प्रजापति, लालदेव सोरेन, राधेश्याम, इंद्रजीत पांडेय आदि मौजूद थे।

# नये सीएम चंपाई की चुनौती

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने आखिर शुक्रवार को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली। इससे वह शून्य खत्म हुआ, जो हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कुछ घंटों के लिए बन गया था। हालांकि बुधवार को देर रात हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, गुरुवार समाप्त होने से पहले चंपाई सोरेन को सरकार बनाने का आमंत्रण मिल गया और शुक्रवार को दिन में ही उनका शपथ ग्रहण भी हो गया। सरकार बनाने को आमंत्रित किये जाने में जो कुछ घंटे की देर हुई राज्यपाल की ओर से उसकी वजह भी बता दी गयी थी कि कोई भी कदम उठाने से पहले वह कानूनी राय-मशविरा कर लेना चाहते हैं। इसके बावजूद झामुमो और विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के कई नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर आशंकाएं जतानी शुरू कर दी थीं। इसके पीछे देश के राजनीतिक माहौल में पिछले कुछ समय से जड़ जमा चुके परस्पर अविश्वास की भूमिका तो थी ही, यह तथ्य भी था कि राज्य की 81 सदस्यों वाली विधानसभा में मौजूदा झामुमो-राजद-कांग्रेस गठबंधन की विधायक संख्या बहुमत से कुछ ही अधिक है। वैसे तो उनके कुल 47 विधायक हैं लेकिन अभी 43 विधायक ही उनके समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में यह डर बना हुआ है कि अगर कुछेक विधायकों का भी मन बदला तो उलटफेर हो सकता है। जाहिर है, मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बावजूद चंपई सोरेन की आगे की राह कठिन है। पहले तो यही देखना होगा कि वह राज्यपाल की ओर से निर्धारित दस दिनों की समय सीमा के अंदर विधानसभा में अपना बहुमत साबित कर दें। पार्टी और परिवार में कथित असंतोष की खबरों के मद्देनजर सबको साथ रखने की यह चुनौती चंपई सोरेन के लिए आसान नहीं होगी। यह सब उथल-पुथल ऐसे समय हुई है, जब लोकसभा चुनाव सिर पर आ चुके हैं। इसलिए नये मुख्यमंत्री को संभलने का मौका नहीं मिलने वाला। भ्रष्टाचार के जिन गंभीर आरोपों के बीच हेमंत सोरेन को पद छोड़ना पड़ा है, उनके साये में ही चंपई सोरेन को चुनावी परीक्षा से गुजरना होगा। हालांकि वह एक अनुभवी नेता हैं और झारखंड आंदोलन में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन चौतरफा संकट के इस दौर में पार्टी और सरकार का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उन पर अचानक आन पड़ी है। इसी साल झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन फिलहाल लोकसभा चुनाव पर ही सबकी नजर रहेगी। ऐसे में चंपई सोरेन की सबसे बड़ी कसौटी फिलहाल यही होगी कि उनकी अगुआई में पार्टी इस आपदा को राजनीतिक अवसर में किस हद तक तब्दील कर पाती है और 14 में से 12 लोकसभा सीटों पर भाजपा-आजसू की जीत के पिछले चुनाव नतीजे इस बार कितना बदलते हैं।

**उथल-पुथल ऐसे समय हुई है, जब लोकसभा चुनाव सिर पर आ चुके हैं। इसलिए नये मुख्यमंत्री को संभलने का मौका नहीं मिलने वाला। भ्रष्टाचार के जिन गंभीर आरोपों के बीच हेमंत सोरेन को पद छोड़ना पड़ा है, उनके साये में ही चंपई सोरेन को चुनावी परीक्षा से गुजरना होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी, अयोध्या, उज्जैन से लेकर उत्तराखंड के चारों धाम-द्वारका, दक्षिण के कुछ प्रमुख धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण करके इसे साबित किया है, तो यह नीति आगे भी जारी रहेगी। निर्मला सीतारमण ने सबसे पहले सामाजिक न्याय की परिभाषा दी और कहा कि यह सबके लिए है, सर्व समावेशी है और यही काय रूप में वास्तविक सैकुलरवाद है। यानी पंथ, जाति, लिंग से परे जब हम सामाजिक न्याय यानी सबके विकास के लिए काम करते हैं तो राज्य की यही नीति सैकुलरवादी हो सकती है।**

# बजट में दिशा, विचार और नीतियों का दिग्दर्शन

**अवधेश कुमार**

यह स्वीकार करना होगा कि परंपराओं से अलग वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनाव के पूर्व के बजट को अंतिम बजट ही रखा है। लोकसभा चुनाव के पूर्व का बजट वोट ऑन अकाउंट होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद सत्र की शुरुआत के समय कहा था कि बजट में नयी घोषणाएं नहीं होंगी, भविष्य के लिए दिशा-निर्देश होंगे। हालांकि यह भी नहीं कह सकते कि बजट में नयी घोषणाएं नहीं हैं। शेयर बाजार से लेकर विश्व भर के निवेशकों, व्यापारियों-सबकी नजर इस पर होती है। नयी सरकार बनने तक अर्थव्यवस्था के प्रति सबका विश्वास बना रहे, भारतीय आर्थिक स्थिति की साख कायम रहे तथा विकास की गति बाधित न हो इन दृष्टियों से कुछ न कुछ घोषणाएं आवश्यक थीं और वही हुई हैं। ये ऐसी नहीं हैं, जिन्हें आप चुनावी दृष्टि से लोगों को लुभाने वाली कहें। वित्त वर्ष 2024-25 में उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां तथा कुल व्यय लक्ष्य क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपये और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने तथा कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। भारत के अलावा इतने बड़े बजट आकार वाले विश्व में 2 ही देश हैं अमेरिका और चीन। बात मूल बजट के सिद्धांतों और दिशा की है। बजट से देश के वर्तमान और भविष्य की दिशा का पता चलता है, तो क्या हैं सिद्धांत और दिशा?

**भारत के अलावा इतने बड़े बजट आकार वाले विश्व में 2 ही देश हैं अमेरिका और चीन।**

इसमें भारत के धर्म क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना और उसके अनुसार पुनर्निर्माण की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों लक्षद्वीप के समुद्र और तटों की तस्वीरें जारी कीं और वित्त मंत्री के भाषण में भी लक्षद्वीप का उल्लेख है। इसमें धार्मिक एवं अन्य पर्यटन स्थलों के लिए राज्यों को भी आधारभूत संरचना में सहयोग करने की घोषणा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी, अयोध्या, उज्जैन से लेकर उत्तराखंड के चारों धाम-द्वारका, दक्षिण के कुछ प्रमुख धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण करके इसे साबित किया है, तो यह नीति आगे भी जारी रहेगी। निर्मला सीतारमण ने सबसे पहले सामाजिक न्याय की परिभाषा दी और कहा कि यह सबके लिए है, सर्व समावेशी है और यही काय रूप में वास्तविक सैकुलरवाद है। यानी पंथ, जाति, लिंग से परे जब हम सामाजिक न्याय यानी सबके विकास के लिए काम करते हैं तो राज्य की यही नीति सैकुलरवादी हो सकती है। इसके राजनीतिक मायने यही हैं कि यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का घोषित किया तथा सरकार ने सच्चर आयोग के गठन से लेकर आगे अनेक कदम अल्पसंख्यक कल्याण के नाम पर उठाये। मोदी सरकार ने अपने बजट भाषण से यही बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, जन-धन योजना जब सभी के पास पहुंचा और सैकुलर नीतियों का इससे अलग प्रमाण नहीं हो सकता। वास्तव में इस बजट के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने पूर्व की सरकारों से स्वयं को बिल्कुल अलग साबित करने की कोशिश की और बताया कि जब हम सत्ता में आये थे तब और आज में गुणात्मक मूलभूत अंतर आ गया है। यानी सत्ता में आने के पूर्व की आर्थिक स्थिति पर एक श्वेत पत्र लाने की घोषणा इसी दिशा का अब तक का शायद सबसे बड़ा कदम होगा। तो सुनने में ही बजट भाषण भले छोटा हो और प्रावधान भी न्यूनतम हो किंतु यह देखने में छोटा लगे घाव करे गंभीर वाला बजट है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाकई अगर यूपीए सरकार के दौरान की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र आता है, तो यह बड़े राजनीतिक हंगामे और बहस का कारण बनेगा। इसी तरह जनसंख्या वृद्धि एवं जनसांख्यकीय असंतुलन के लिए एक अधिकार प्राप्त समिति की घोषणा भी भाजपा विरोधियों को नागवार गुजरेगा। जनसांख्यकीय असंतुलन का मतलब किसी एक समुदाय की जनसंख्या का बढ़ना तथा दूसरे समुदाय का घटना या बराबर रहना होता है।

संपूर्ण देश में जनसंख्या पर कठोर कानून लाने की मांग होती रही है जो भारत के लोकतांत्रिक, सामाजिक व सांस्कृतिक ढांचे में न संभव है और न ही वांछनीय। हां इसके लिए कदम उठाने की आवश्यकता है और कई राज्यों ने अपने-अपने तरीके से इसे बदलने के लिए कदम उठाये हैं। ऐसा लगता है कि उन अनुभवों के आधार पर राष्ट्रीय समिति राष्ट्रीय नीति लेकर आयेगी, जिसके पास क्रियान्वयन करने का भी अधिकार होगा। इसमें महिलाओं को अधिकार की दृष्टि से 3 तलाक खत्म करने की भी बात है। इस तरह बजट में ऐसी कई बातें हैं, जो सिद्धांतों और भारत की दिशा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। दिशा और सिद्धांतों की दृष्टि से वित्त मंत्री की कुछ घोषणाओं का और उल्लेख आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के लिए सरकार ऐसी आर्थिक नीतियों को अपनायेगी जो टिकाऊ विकास, सभी के लिए अवसरों, क्षमता विकास पर केंद्रित रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने लोगों की क्षमता बढ़ाने, उनका अधिकार देने तथा आबंटन के साथ उचित विचरण पर फोकस करने की बात की। मिनिमम गवर्नमेंट एंड 2 मैक्सिमम गवर्नेंस की चर्चा भी बजट में इसी संदर्भ में है। बजट की एक मुख्य विशेषता लोगों के अंदर भारत के विकसित होने के प्रति आत्मविश्वास कम करना भी है। तीन स्तंभों लोकतंत्र,जनसंख्या और सबके प्रयास को सबकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला तिगड़ी बताने का अर्थ भी स्पष्ट है।

प्रधानमंत्री ने जिन चार जातियों की बात की उनका उल्लेख करते हुए निर्मला सीतारमण ने गरीब, महिला, युवा और किसान की चर्चा करते हुए कहा कि उनको चुनौतियों और परेशानियों को खत्म करते हुए भलाई सरकार की प्राथमिकता है। निश्चित रूप से कोई सरकार अगर समाज के आम आदमी के जीवन स्तर को उठाती है, तो उसका लाभ संपूर्ण अर्थव्यवस्था को होता है। आम आदमी किसानों, महिलाओं आदि सभी वर्ग के लिए मोदी सरकार की अब तक की नीतियों, उनके परिणामों संबंधी आंकड़ों को देखें तो संदेह की गुंजाइश अत्यंत कम हो जायेगी। सरकार का यह दावा अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों से भी सत्यापित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर लाया गया है। कुल मिला कर यह पिछले 10 वर्षों की सिद्धांतों, नीतियों और व्यवहारों में स्थिरता तथा उसे सशक्त करते हुए उसके आगे बढ़ाने के लिए नये पहलुओं को जोड़े जाने की दिशा का संकेत है। अभी तक के कदमों संबंधी आंकड़ों से अपने दावों की पुष्टि करते हुए वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया है कि मोदी सरकार की भारत की कल्पना स्पष्ट है, उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं, वह साकार भी हो रहा है और आगे संपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्थायी ठोस आधार देने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने की जरूरत : डॉ आशीष

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शहर के तामोलिया में ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में वर्ल्ड कैंसर डे के पूर्व एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को परिचर्चा में कैंसर सर्जन डॉ आशीष कुमार और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार ने कैंसर की शुरूआती लक्षणों को देखते हुए आम लोगों से किसी नजदीकी विशेषज्ञ से परामर्श लेने की अपील की। डॉ अमित कुमार ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जितना ज्यादा लोगों को जागरूक करेंगे। उतना ज्यादा बीमारी से लड़ सकेंगें। डॉ आशीष कुमार ने बताया कैंसर एक बेहद खतरनाक बीमारी है। इसमें जरा भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा बिगड़ी लाइफ स्टाइल और खान-पान के प्रति लापरवाही कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना रही है। कैंसर इन्हीं में से एक बीमारी है। जिसे समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो जानलेवा साबित हो सकती है, लेकिन वक्त रहते इसका इलाज हो जाये तो इससे बचाया भी जा सकता है। उन्होंने समय के साथ कैंसर उपचार में महत्वपूर्ण प्रगतियां और तकनीकी के बारे में जानकारी देते हुए कहा विभिन्न प्रकार के कैंसर के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई , जिसमे थैरेपीज और उपचार उपलब्ध है। जो बीमारी को शक्तिशाली तरीके से नष्ट करने में मदद कर सकती हैं। डॉ अमित कुमार ने कहा कि किसी स्त्री या पुरुष में वजन तेजी से कम होना, शरीर में गांठ होना,दांत का अपने आप गिर जाना, बिना किसी कारण के डिस्चार्ज या ब्लीडिंग होना, तीन सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार होने की स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं आती हो तो उसे अनदेखा न कर शीघ्र जांच और इलाज के लिए नजदीकी डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ताकि समय पर इलाज हो सके। अनदेखा करने से डॉक्टर के लिए कैंसर का इलाज करना एक चुनौती बन जाती है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एसपी ने दी विदाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को दुगनी पुलिस केंद्र में सेवानिवृत होने वाले पुलिस पदाधिकारिओं और जवानों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कर्मी अपने जीवन के लगभग 40 वर्ष जनता की सेवा के लिए समर्पित रहे। उन्होंने उनके आने वाले भविष्य के लिए मंगल कामना की। साथ ही सभी सेवानिवृत कर्मियों से आने वाले समय अपने परिवार के साथ सकुशल बिताने की बात कही। विदाई समारोह में शामिल पुलिस एसोसिएसन के अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी ने सभी सेवानिवृत पुलिसकर्मियों की 40 वर्षों की निस्वार्थ सेवा को सराहा। उन्होंने भविष्य के लिए स्वस्थ रहकर आगे जीवन व्यतीत करने की मंगल कामना की।

# एपेक्स अस्पताल में कैंसर ओपीडी सेवा शुरू




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल और एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर कोलकाता और रांची ने जमशेदपुर के साकची एपेक्स अस्पताल में कैंसर ओपीडी सेवा का शुभारंभ किया। शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी।कैंसर देखभाल को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयास में ऑन्कोलॉजिस्ट की एक विशेषज्ञ टीम के द्वारा यह पहल की जायेगी। साथ ही जमशेदपुर में रोगियों को सर्वोत्तम श्रेणी के कैंसर उपचार की सुविधा पेश की जाएगी। इस अवसर पर आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ.जीसी मांझी,आईएमए सेक्रेटरी डॉ. सौरभ चौधरी, डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी डॉ. एस के कुंडू,डॉ. आफताब आलम अंसारी, सिनियर कंसल्टेंट, डिपार्टमेंट ऑफ रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल रांची डॉ. अभिषेक कुमार पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट एचसीजी कैंसर सेंटर रांची, डॉ. जॉयदीप चक्रवर्ती, एचओडी व सीनियर कंसल्टेंट-हेमाटो ऑन्कोलॉजी और बीएमटी, डॉ. अरिजीत बिष्णु, एचसीजी कैंसर सेंटर कोलकाता से हेमाटो ऑन्कोलॉजी और बीएमटी, शमिल रहे। एसोसिएशन के डॉक्टरों की एक प्रतिष्ठित टीम के मार्गदर्शन में विशेष कैंसर देखभाल प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर स्टील सिटी और इसके आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को तथा पूरे भारत में स्थानीय समुदायों को उन्नत और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने की एचसीजी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की बात कही। मरीजों को सुलभ और विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए ओपीडी विशेषज्ञ परामर्श की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए निरंतर उपलब्ध रहें यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगे। डॉ. अभिषेक कुमार, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट हर महीने के पहले शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट में स्पेश्लिस्ट डॉ. जॉयदीप चक्रवर्ती प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक हेमेटोलॉजी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। मरीज हर महीने के चौथे बुधवार से हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अरिजीत बिष्णु से कन्सल्ट कर सकेंगे। इस विस्तार के साथ लक्ष्य है जमशेदपुर के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण प्रदान होगी। साथ ही रोगियों को मामलों का शीघ्र पता लगाना, ऑन्कोलॉजी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, चिकित्सा देखभाल तक बेहतर पहुंच और बीमारी के प्रबंधन में समय पर हस्तक्षेप प्रदान करना है।

# वनांचल महाविद्यालय में इंटर के छात्रों को दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**




टंडवा। वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा में शनिवार को 12 वी कक्षा के छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के शासी निकाय सचिव जयप्रकाश नायक मौजूद थे।वही कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य पंकज साव, शिक्षक प्रतिनिधि महेंद्र कुमार साव ने संयुक्त रूप से किया।विदाई समारोह में 11वी के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।वही वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के शासी निकाय सचिव जयप्रकाश नारायण ने अपने संबोधन में कहा की जो भी 12वी के छात्र-छात्रा अच्छा परिणाम लायेंगे। उन्हें वनांचल इंटर महाविधालय टंडवा के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा,वही उन्होंने 12 वी के छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य का कमान किया।तत्पश्चात सभी छात्र छात्राओं को भाव पूर्वक विदाई दी गयी। वही इस मौके पर शिक्षक एवं शिक्षिका देवलाल कुमार, विवेक कुमार पासवान, चित्रा राणी गुप्ता ,सुभाषिनी कुमारी,ज्योति कुमारी, शिखकेतर कर्मी में शिव शंकर साव,मदन कुमार नायक,दिनेश कुमार मालाकार,रानी कुमारी समेत महाविधालय के सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# लोहरदगा के एस एस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां पर विद्यालय के प्री नर्सरी से लेकर दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर एक नया संदेश देने का काम किया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मी नारायण तिवारी तथा बाल विकास विद्यालय नवाड़ी पाड़ा के डायरेक्टर रामविलास सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के सभी कक्षाओं को तीन भागों में बांटा गया। इस बीच कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के बच्चों को ग्रुप ए कक्षा 2 से लेकर कक्षा 5 के बच्चों को ग्रुप बी और कक्षा प्री नर्सरी से लेकर 1 के छात्रों को ग्रुप सी में रखा गया। मौके पर जजों ने बारी-बारी से बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट और मॉडल को काफी ही बारीकि से देखा और उससे संबंधित प्रश्न उत्तर भी किया। इस बीच जज के रूप में विद्यालय परिवार ने चुन्नीलाल प्लस टू के वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मी नारायण तिवारी, नदिया हिंदू विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सत्य प्रकाश केसरी , सुभाष चंद्र कौशल और रविशंकर द्विवेदी को आमंत्रित किया। उक्त कार्यक्रम में जज कमेटी ने बच्चों को रिप्रेजेंटेशन , साइंटिफिक व्यू , मॉडल, चार्ट पेपर और क्राफ्ट के आधार पर अपना अपना अंक प्रदान किया । जहां पर ग्रुप ए से कक्षा 9 ए ने लाइट ट्रैकिंग सोलर पावर सिस्टम प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 8 ए ने लेजर सिक्योरिटी अलार्म मॉडल के माध्यम से द्वितीय स्थान तथा कक्षा दसवीं ने एंटी स्लिप अलार्म फॉर ड्राइवर प्रोजेक्ट के माध्यम से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इधर ग्रुप बी में कक्षा 2 बी के छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट वाटर साइकिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह द्वितीय स्थान कक्षा 2 ए के ही छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट एटीएम ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान कक्षा 3बी और 5ए ने सोलर एक्लिप्स और सैटलाइट कम्युनिकेशन के माध्यम से प्राप्त किया। वहीं ग्रुप सी में कक्षा यूकेजी के बच्चों ने कम्युनिटी हेल्पर्स प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा 1ए व 1?बी तथा प्री नर्सरी ने अपने प्रोजेक्ट कच्चा और पक्का हाउस, पार्क और वेजिटेबल्स के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर लिया। इस बीच ग्रुप सी के कक्षा 1 ए,1 बी और प्री नर्सरी ने कच्चा हाउस पक्का हाउस पार्क और वेजिटेबल्स के माध्यम से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा नर्सरी के बच्चों ने सेंस ऑर्गन्स प्रोजेक्ट के माध्यम से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किए गए प्रयासों को मुख्य अतिथि एवं जज ने सराहना किया।

## भाजपा जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

# अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगा : ठाकुर प्रसाद महतो

- भावुक हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष, बोले संगठन मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास किया
- नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और प्रभारी को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को पगड़ी पहनाकर अपना कार्य भार सौंपा। अपने संबोधन के दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी भावुक भी हो गये। उन्होंने कहा कि वह अपने पूरे अध्यक्षीय कार्यकाल को निष्ठापूर्वक और ईमानदारी से काम किये। इस दौरान कई तरह की बातें भी सामने आये। इसके बावजूद वह संगठन की मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास किया। प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी संघर्ष के दम पर भाजपा में ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करता है। भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष के ऊपज है। मझिआंव विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा में हर तीन वर्ष के बाद पद दायित्व बदलता है, परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को सदैव सम्मान मिलता है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है। ईमानदारी से पार्टी संगठन का काम किये हैं। वर्तमान में भी नव नियुक्त पदाधिकारी बिना किसी के प्रभाव में आये कार्य करें। हम सभी सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। पार्टी संगठन का काम करने वाले कार्यकर्ता हमेशा आगे बढ़ते हैं। भंडरिया जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र से पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाया है। इससे पार्टी और भी सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। जिले के कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम अच्छा होगा। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उस दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करुंगा। मौके पर लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, वरिष्ठ नेता विनोद तिवारी, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, राजीव राज तिवारी, रघुराज पाण्डेय, रामलला दुबे, कन्हैया चौबे, संजय भगत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संचालित मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप, आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता






**विशुनपुरा।** प्रमुख दीपा कुमारी ने प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य कराये लाखों रुपया की फर्जी निकासी को लेकर बंशीधरनगर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने विशुनपुरा मनरेगा बीपीओ डिंपल गुप्ता पर योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य कराये लाखों रुपये की भुगतान करने की आरोप लगाया है। प्रमुख ने दिये आवेदन में दर्शाया है, कि लगातार लोगों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि मनरेगा योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य कराये मास्टर रोल सेब किया जा रहा है और भुगतान भी कर दिया जा रहा है, जिसको लेकर प्रमुख ने मनरेगा बीपीओ डिंपल गुप्ता को 10 दिन पूर्व प्रखंड के सभी मनरेगा योजनाओं में भुगतान की रोक लगाते हुए योजनाओं की जांच करवा कर भुगतान कराने का आदेश दिया था, लेकिन बीपीओ ने योजनाओं की जांच किये बिना ही लाखो रुपया का भुगतान करवा दिया। प्रमुख ने मनरेगा योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य किये भुगतान का आरोप लगाया है। प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने बीपीओ, मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक की बड़ी भूमिका बताया है। इस संबंध में विशुनपुरा बीपीओ डिंपल गुप्ता से दूरभाष पर लगातार संपर्क किया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

# नल-जल योजना में भारी भरकम गड़बड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता





**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड अंतर्गत फकीराडीह पंचायत मैं कुछ दिनों से चल रहे पीएचडी विभाग से चल रहे नल जल योजना में भारी भरकम गड़बड़ी का उजागर वहां के वार्ड सदस्य गौरी देवी ने किया है, गड़बड़ी सुधार करने की पहल की तो संवेदक के आदमी के द्वारा वार्ड सदस्य गौरी देवी को धमकी देते हुए मारपीट किया गया। उन्होंने आनन-फानन में जाकर गढ़वा सदर अस्पताल में उन्होंने सुई दवाई करायी। दबंग के द्वारा मारपीट करने के बाद अभी तक डरी सहमी है। इधर फकीराडीह पंचायत के मुखिया सोहर सिंह से पूछे जाने पर युक्त जल मीनार में उन्होंने बताया कि 2000 लीटर टंकी जिस चापाकल में लगा है, वह पुराना चपाकल में लगा है। वहीं 8000 और 5000 लीटर वाला टांका में नया बोर कर जल मीनार लगाया गया है। अधिकांश जलमिनार पुराना ही चापाकल में फिट कर दिया गया है, यह संवेदक और पीएचडी विभाग की घोर लापरवाही है।

इधर पीएचडी विभाग के जैसे संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह जानकारी हमें नहीं है, अगर जानकारी है तो उनसे आवेदन विभाग को दिलवा दीजिये, इतना ही कह कर उन्होंने फोन काट दिया। इधर फकीराडीह पंचायत के पाठ गांव के हरिजन टोला के ग्रामीण इस जल मीनार में भारी विरोध किया गया है। हरिजन टोला के ग्रामीणों ने बताया कि 10 से 15 घर की बस्ती है, वहां एक भी चापाकल और न कुआं है। आज तक हम लोग नदी और नाला का पानी पीते हैं। पीएचडी विभाग का घोर लापरवाही विरोध करने वालों में रामेश्वर भुइया अजय भुइया, रुद्धनी देवी, राजू भुइया, जलशिया मतीसीला देवी आदि विरोध किया है।

# द्वितीय राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में एसजीएन की छात्रा ने जीता ब्रांज मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** राज्य गतका संघ के तत्वाधान में हजारीबाग के बरही मेंआयोजित द्वितीय राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल की छात्रा प्रिंसी कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर गढ़वा जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि कोंच आरती तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लिए थे। छात्र कि सफलता पर कोच एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह खेल बच्चों के लिए नया अनुभव प्रदान करने वाला है। पहले प्रयास में छात्रा द्वारा मेडल प्राप्त करना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए कुशल प्रशिक्षण देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय में नियमित कई खेलों का आयोजन किया जाता है। आज के दौर में खेल मात्र खेल नहीं रह गया है बल्कि सफल जीवन का आधार बन गया है। अच्छे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ साथ करियर भी प्रदान कर बेहतर जीवन के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है।

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दे दी जान

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के गनियारी कला पंचायत में गनियारी खुर्द गांव के एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार शुक्र वार शाम करीब पांच बजे गांव के ही कुछ लोग के द्वारा कैलाश सिंह के खेत में जामुन के पेड़ से लटका हुआ लड़का दिखाई दिया। लोगों ने मिर्त लड़का मुंदिरका सिंह के पुत्र सुनील सिंह उम्र लगभग 18 से 19 वर्ष तथा कुलदीप सिंह के पुत्री पिरियंका कुमारी उम्र लगभग 18 वर्ष के रूप में पहचान हुई। फिलहाल ज्यादा कहना उचित नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामला सामने आ जायेगा। पुलिस सभी पहलू पर छान बीन कर रही है दोसी पाये जाने पर दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।

# आरके पब्लिक स्कूल में 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 11वीं के छात्र-छात्राओं ने उनके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की। परीक्षा का टिप्स देते हुए बताया कि अनुशासन और समय की महत्ता जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है, इसको जीवन में सफलता का मूलमंत्र मानकर ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने में शिक्षक और अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उनकी प्रेरणा से ही विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्त करते हैं। स्कूल के प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने कहा कि 12वीं की परीक्षा जीवन की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। इसकी तैयारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करना चाहिए। किसी भी सफलता का कोई शॉर्टकट फमूर्ला नहीं है। हमेशा लगन, मेहनत और ईमानदारी से ही हम अपने मुकाम को पा सकते हैं। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के शुरूआत में सिमरन और ग्रुप के द्वारा मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात रिया सिंह के द्वारा स्टेंड अप कॉमेडी, लभली, तन्वी, रिचा और रानी ग्रुप के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की खुले मन से सराहना की।

विदाई समारोह में कक्षा 12वीं से सत्यम, शरद, अमन, अभिषेक, रिया, वैष्णवी, खुशी और अन्य सभी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के समृद्धि, शैली और तन्वी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मिस्टर आरकेपीएस सत्यम कुमार और मिस आरकेपीएस श्रेया श्रुति एवं मिस्टर फेयरवेल आनंद कुमार और मिस फेयरवेल के रूप में ईशिका राज को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता: भुवनेश्वर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर भुवनेश्वर साह ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान प्राचार्य रामानंद प्रसाद से प्रभार लिया।प्रभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट को पहले से और बेहतर करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की विद्यालय की छोटी छोटी समस्या को जिला प्रशासन और अभिभावक के साथ मिलकर दूर करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

## दो संविदाकर्मियों को उपायुक्त ने किया कार्यमुक्त

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कार्यरत्त दो संविदाकर्मी क्रमशः राजेश पांडेय, सोशल मोबलाईजर खरौन्धी एवं राकेश कुमार सिंह, सोशल मोबलाईजर, केतार को उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के निदेर्शानुसार कार्यमुक्त कर दिया गया है। उक्त दोनों कर्मी विगत 1 वर्ष से बिना किसी सूचना के अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित थे। विभिन्न प्रकार के जिला और प्रखंड स्तरीय बैठकों में लगातार अनुपस्थित पाये जा रहे थे, और विभाग संबंधित कार्यों के संपादन में भी इनके द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही थी। इनसे इस संदर्भ में कई बार स्पष्टीकरण की पृच्छा भी की गयी थी, किंतु इनके द्वारा कोई प्रतिउत्तर जिला कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया। अंततः बाध्य होकर उपायुक्त ने आज इन दोनों कमीर्यों को कार्य मुक्त कर दिया। साथ ही अपने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अन्य कर्मीयों को भी हिदायत दी गयी है कि विभाग द्वारा दिये जा रहे कार्यों को ससमय संपादित करेंगें अन्यथा इस प्रकार की कड़ी कार्यवाही ऐसे कमीर्यों के विरूद्ध भी की जायेगी।

## लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडलवार समीक्षा बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारी के संदर्भ में आज समाहरणालय के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता, भलनरेबल मतदान केंद्र /क्रिटिकल / नॉन क्रिटिकल मतदान केंद्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग, रूट चार्ट, बूथ अवेयरनेस, व्हील चेयर की आवश्यकता और उपलब्धता समेत अन्य विषयों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से जानकारी लिया गया। इसके अलावे बैठक में उत्पाद अधीक्षक को आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक नाका की भी जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चेक नाका पर तैनात पुलिस के जवानों को सक्रिय रहकर हर गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। भलनरेबल मतदान केन्द्र /क्रिटिकल / नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अगले एक सप्ताह के अंदर संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) फैसिलिटी के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण, रैंप की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया, जिससे मतदान के दिन पोलिंग पार्टी और मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय समेत उत्पाद अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और सभी अंचल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री शिव शक्ति महायज्ञ के छठे दिन कथा वाचक शुखेण त्रिपाठी का प्रवचन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के छठवे दिन कथा वाचक शुखेण त्रिपाठी द्वारा प्रवचन किया गया। भक्ति कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। यह महायज्ञ 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा और 7 फरवरी को भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ समापन किया जायेगा। प्रवचन के आरती में पूर्व विधायक और झामुमो नेता अनंत प्रताप देव झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी सहित अन्य लोगों के द्वारा आरती किया गया। मौके पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी, रामाधार दुबे, राहत हुसैन सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद थे।

## निवर्तमान एसडीपीओ को सम्मानित किया गया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति श्री बंशीधर नगर की ओर से अनिकेत पैलेस में आयोजित एक समारोह में निवर्तमान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी को सम्मानित किया गया। श्री केसरी को यह सम्मान श्री बंशीधर नगर शहर के पाल्हे जतपुरा में पिछले वर्ष अनंत समलंकृत पूज्यपाद श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के चातुर्मास्य व्रत के उपलक्ष्य में उनके पावन सानिध्य में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीरामानुजाचार्य सहस्राब्दि जयंती स्मृति महामहोत्सव के विराट आयोजन को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया। उस मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीन वर्षों तक श्री बंशीधर नगर में सेवा और ऐतिहासिक महायज्ञ के सफल आयोजन में योगदान का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्री बंशीधर जी की कृपा से उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। एसडीपीओ ने कहा कि तीन वर्षो का कार्यकाल श्री बंशीधर में बेहतर तरीके से बीता है। रमना थाने में छठ को लेकर प्रशासन और पब्लिक के बीच गतिरोध को समाप्त कर उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने श्री केसरी की प्रोन्नति के साथ साथ स्वस्थ और सुदीर्घजीवन की कामना की। उस मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता बैजनाथ तिवारी और निवर्तमान वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू ने भी विचार व्यक्त किया। **महायज्ञ समिति और चेंबर ने किया सम्मानित:** समारोह में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। चेंबर के पदाधिकारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार ने किया। समारोह में बैजनाथ तिवारी, प्रशांत सहाय, रिटायर्ड कैप्टन सुनील कुमार चौबे अधिवक्ता राजेश पांडे धर्मेंद्र प्रताप देव और बंगाली सिंह, संजय पांडेय, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, गोपाल प्रसाद जायसवाल, मिकी जायसवाल, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, विद्या भाष्कर, ओमप्रकाश चौबे, पंकज कुमार चौबे, रंजन कुमार छोटू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# उज्ज्वला योजना हो रही है फेल, ग्रामीण महिलाएं लकड़ी लाकर बना रहीं खाना

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की गरीब परिवारों के लिए प्रभावी योजना कहीं जाने वाली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रति लाभुकों को उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है। सरकार की मंशा उज्ज्वला योजना को प्रभावी तरीके से लागू कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को चूल्हे के धुंए से मुक्ति दिलाने की है। लेकिन इस योजना का जमीनी हकीकत कुछ और ही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गैस एजेंसी द्वारा फ्री गैस सिलेंडर व चूल्हा तो दी गई है पर लाभुक रि-फिलिंग कराने में रुचि नहीं ले रहे है। इसके पीछे लाभुकों द्वारा एलपीजी गैस की कीमत में बेतहाशा वृद्धि को कारण बताया जा रहा है। धरातल पर स्थिति यह देखने को मिल रही है कि अधिकांश महिलाएं लकड़ी एवं उपला(गोईठा) के सहारे खाना बना रही है। प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र में बसा लावादोनी, सुअरजंघा, झेलेंगी, महुडंड, लोरा सहित अन्य गांव के महिलाएं सुबह होने के बाद लकड़ी लाने के लिए जंगल की ओर निकल जाती है और सूखी लकड़ी जंगल से लाकर अपना चूल्हा जलाती है। जंगल से सूखी लकड़ी लेकर लौट रही महिलाओं ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हा तो मिला है लेकिन गैस सिलेंडर केवल शोभा की वस्तु बन कर रह गया हैं। गैस सिलेंडर को भरवाने में काफी महंगा दाम लगता है। मजबूरन लकड़ी के सहारे खाना बनाना पड़ता है। वही कई महिलाओ ने अपने आप को लकड़ी बेचकर जीविकापार्जन करने की बात कही।

### उज्ज्वला योजना पर लोगों ने दी प्रतिक्रिया

1. उज्ज्वला योजना के तहत वितरण किये गये गैस सिलेंडर गरीब परिवार के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। आज के समय में 1000 से 1150 रुपये गैस भरवाने में लग रहा है : पप्पू यादव

2. गैस सिलेंडर महंगा होने के कारण गैस भरवाना ही छोड़ दिया। सरकार जब हम गरीबों को मुफ्त में गैस सिलेंडर और चूल्हा दे सकती है, तो गैस भी कम दाम पर दें। ताकि हम नियमित रूप से गैस भरवा सकेः लैचिया देवी

3. महंगाई की वजह से हम लोग एक बार गैस लाने के बाद दोबारा रि-फिलिंग नहीं करा सके हैं। गैस सिलेंडर घर में रखा हुआ है। हम गरीबों के लिए यह योजना लाभकारी नहीं है। जंगल से लकड़ी लाकर ही खाना बनाते हैं: दुखनी देवी

4. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हम गरीब लोगों के लिए वरदान कम अभिशाप ज्यादा साबित हो रहा है। हम 1100 सौ रुपये खर्च कर गैस भरवाने में असमर्थ है। हम लोगों के लिए लकड़ी और उपला ही ठीक है : लालमनी देवी

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# कृषि विज्ञान केंद्र में दिया गया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें बालूमाथ प्रखंड से कलकलिया और कोमर ग्राम की 35 महिलाएं शामिल हुई । कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ सुनिता कुमारी कमल ने मशरूम की उत्पादन वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए प्रशिक्षण दिया । कृषि विज्ञान केंद्र लातेहार की कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुनीता कुमारी कमल ने ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सही रास्ता बताया। मशरूम प्रोटीन और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर और वसा रहित खाद्य पदार्थ है। जो ग्रामीण महिलाएं अपने ग्रामीण परिवेश में उत्पादन कर स्वरोजगार और अपने परिवार को संतुलित आहार का हिस्सा बना सकती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न किस्म की मशरूम विभिन्न जलवायु में उत्पादन कर सकते हैं। बटन मशरूम के लिए आर्थिक स्थिति से थोड़ा मजबूत होना पड़ता है पर अन्य मशरूम जैसे ओयस्टर मशरूम पैडी स्ट्रा मशरूम और मिल्की मशरूम का उत्पादन कम पैसा में हो जाता है और 10 गुना मुनाफा देता है।

# माइंस की स्थिति में सुधार नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला की एक संयुक्त बैठक लोहरदगा बिजली ऑफिस, पतराटोली के समीप संपन्न हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम (बिन्नू) के द्वारा की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से हिंडाल्को कंपनी के कुजाम, विमरला, अमतीपानी, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) माइंसों में पिछले कई दिनों से हिंडाल्को कंपनी के द्वारा ट्रक चालको एवं आँनरों को विभिन्न मुद्दों को लेकर जो परेशानियां की जा रही थी। उन पर चर्चा की गयी कि कंपनी कहीं ना कहीं नये-नये नियम लागू कर ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और दूसरी ओर समझौते के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप, प्रति ट्रक को नहीं दिया जा रहा है। 12 की जगह 6 और 8 ट्रिप दिया जा रहा है। जिसके कारण ऑनर कर्ज में दबते चले जा रहे हैं। इसको लेकर यह निर्णय हुआ की कंपनी से अविलंब वार्ता की जाये और 25 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल ने हिंडाल्को कंपनी में बैठक की।



जिसमें हिंडाल्को की तरफ से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रतीक गुप्ता एवं ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक सिंह भी शामिल हुए।

एसोसिएशन ने कंपनी को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि एक सप्ताह के अंदर ट्रिप की स्थिति में अगर सुधार नहीं होता है और विभिन्न नये नियमों को कंपनी वापस नहीं लेती है तो चारों माइंस के ट्रक मालिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। इस पर कंपनी ने आश्वासन दिया कि पांच दिनों के अंदर स्थिति में सुधार किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, अवधेश मित्तल, रहमत अंसारी, बरज सिंह, मो. बबलू, रंजीत, जतरू मुंडा, सफीक अंसारी, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अजमल कुरैशी, मोहम्मद रिजवान, संजय साहू, शंकर महतो, सोनू कुमार, शशि कुमार वर्मा, फिरोज राही, मो. अमानुल्लाह, मनोज साहू, रामायण प्रजापति, ननका मिस्त्री, सागर वर्मा, प्रमोद मिश्रा, शंकर उरांव, तीजा उरांव, चंदन कुमार, पंकज सिंह, मुख्तार अंसारी, शोएब अख्तर, बालेश्वर प्रजापति, आसिफ राजा, सुनील साहू, बृजेश प्रसाद, अरुण सिंह सहित अन्य सैकड़ो ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## कैरो अंचल में कार्यरत कर्मी के निधन पर शोक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो अंचल में कार्यरत कर्मी इंद्रदेव कच्छप के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। वे अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गये हैं। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीटीओ सौरभ प्रसाद, एनडीसी अभिनीत सूरज समेत बड़ी संख्या कर्मिगण उपस्थित थे।

## सदर पद के परवेज अंसारी ने किया पर्चा दाखिल



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों प्रखंड स्तरीय अंजुमन चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी का खेल दिखाई दे रहा है। यहां पर प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी चुनाव को लेकर उम्मीदवार अपने पक्ष में मतदान कराए जाने को लेकर वोटरों को लुभाने में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इसे लेकर सदर पद हेतु भंडरा में पहले दिन सदर पद के उम्मीदवार परवेज अंसारी के द्वारा अपना नामांकन दाखिल किया गया। इधर चुनाव कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन और चार फरवरी को नॉमिनेशन होना है। जिसमें 3 फरवरी को सदर पद के लिए परवेज अंसारी ने नॉमिनेशन किया जिसका प्रस्तावक शाहिद अंसारी और समर्थन हबीब अंसारी ने की। इस संदर्भ में भंडरा प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी चुनाव के नाजीम ए आला ने बताया कि 4 फरवरी को अंतिम नॉमिनेशन की तारीख निर्धारित की गई है जो पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक लिया जाएगा। मौके पर चुनाव कमेटी के सदस्य सलमान अंसारी, मसीद मिरदाहा, बाबर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट बनने पर लोगों में हर्ष

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि अब रजिस्ट्रेशन होने के बाद अब कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा झारखंड के नाम से जाना जाएगा। सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं अबीर लगाकर खुशी व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेमधारी प्रजापति, दिनेश प्रजापति, वासुदेव महतो, कमल महतो, शिवनारायण प्रजापति, रामदास महतो, महादेव महतो, सुबोध प्रजापति, चमर महतो, मणिलाल प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, राजेश प्रजापति, दुर्गा महतो, राधेश्याम प्रजापति, भागवत महतो, डॉक्टर पवन कुमार प्रजापति, देवानंद महतो, सरोज प्रजापति, पंकज प्रजापति, संदीप कुमार, संदेश कुमार, दीपक प्रजापति, मनोज प्रजापति, राजेश प्रजापति, अनिल महतो, रामदेव प्रजापति संजय प्रजापति देवेंद्र प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

# परीक्षा को कदाचारमुक्त और बिना त्रुटि के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक-2024 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) को लेकर बैठक हुई। इस संबंध में अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बैठक में बताया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 06 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं और 26 फरवरी को संपन्न होंगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित हैं। माध्यमिक की वार्षिक परीक्षा सुबह 9.45 से डोपहर 1 बजे तक और इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को कदाचारमुक्त व जीरो एरर के साथ संपन्न करना है। परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी या शिक्षक द्वारा किसी प्रकार का कदाचार ना किया जाए, इसे सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/अधीक्षक सुनिश्चित करायेंगे।



वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 में इस वर्ष लोहरदगा जिला में कुल 6958 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 में कुल 5055 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, केंद्राधीक्षक व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# ओबीसी समुदाय के लोग अपना हक लड़कर लेने का काम करेंगे : लक्ष्मण

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के माको डाक बंगला में ओबीसी अधिकार हक की लड़ाई के लिए लातेहार जिले में वरिष्ठ ओबीसी के लोग प्रदेश से ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता रथ के प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद जुगलपाल ओबीसी के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल के देखरेख में माको डाक बंगला में बैठक की गयी। जिसमें ओबीसी अभियान रथ का शुभारंभ माको डाक बंगला में किया जायेगा। इस रथ का मुख्य उद्देश्य है ओबीसी के लोगो को अधिकार मिले। ओबीसी की जनसंख्या 55% है। परंतु लातेहार जिला में आरक्षण जीरो है। इस प्रकार से ओबीसी को अधिकार मारा जा रहा है।



इसके लेकर के अभियान चलाया जायेगा। वहीं 11 फरवरी को डाल्टनगंज शिवाजी मैदान में एक बड़ा जनसभा का आयोजन रखा गया है। इस बैठक में श्रवण कुमार, वरुण बिहारी यादव, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, राम प्यारे प्रसाद, गोविंद प्रसाद, मोती सोनी, सुनील कुमार, शंभू प्रसाद, मीकू गुप्ता, मंटू सहित कई लोग थे।

सभी ओबीसी मोर्चा ने नवनिर्वाचित झारखंड पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव का स्वागत किया। लातेहार के लिए गर्व की बात है। लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज ओबीसी के लोगों का हक मारा जा रहा है, जो हम सभी ओबीसी समुदाय के लोग अपना हक लड़कर लेने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने सभी से आग्रह किया कि माको में 1 बजे दिन में सभी ओबीसी समुदाय के लोग पहुंचे। ओबीसी एकता को मजबूत करें।

## केकरांग में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र केकरांग में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार और सीआरपीएफ महानिदेशालय तथा झारखण्ड सेक्टर सीआरपीएफ के निदेर्शानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट की देखरेख में प्रदीप कुमार सिंह, द्वि.कमा.अधि., डॉ. रंजीत कुमार तथा हरनीत सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट 158 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार नि:शुल्क फर्टिलाइजर, टिन सीट, सोलर लालटेन, मच्छरदानी, कंबल, प्लास्टिक डब्बा बाल्टी, स्कूल बैग तथा खेलकूद के सामान वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त वहां पर डॉ. रंजीत कुमार (सीएमओ) के द्वारा मेडिकल केम्प का आयोजन भी किया गया। राहुल कुमार कमाण्डेन्ट 158 बटालियन सीआरपीएफ ने इस अवसर पर कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से न सिर्फ हम जरूरतमंद ग्रामीणों को बुनियादी जरुरत की चीजें उपलब्ध कराते हैं बल्कि प्रेरणादायी विषयों पर लघु फिल्मों को प्रदर्शित कर हम क्षेत्र की जनता विशेषकर युवापीढ़ी और छात्रों को देशभक्ति के लिए प्रेरित भी करते हैं।

## अफीम की फसल को किया गया नष्ट

**हेरहंज / लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मारी व पाडरम गांव के वन भूमि में करीब 10 एकड़ जमीन पर लगे लहलहाते पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की गयी। यह खेती किसके द्वारा की गयी है जानकारी ली जा रही है। दोषियों को कभी बक्सा नहीं जायेगा। कड़ी से कड़ी कारवाई की जायेगी। मौके पर-सब इंस्पेक्टर कैलाश कुमार मंडल समेत थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

# लातेहार में टेंडर मैनेज करने का आरोप

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिले में विभिन्न कार्य एजेंसियों में टेंडर मैनेजर का खेल खुलेआम चल रहा है। चाहे एसडीओ कार्यालय हो या एसडीपीओ कार्यालय या फिर समाहरणालय परिसर हर जगह यह नजारा आम है। लातेहार में टेंडर मैनेज का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ सरकार विकास करने के लिए हर एक हथकंडे अपना रही है। वहीं दूसरी ओर विकास योजना में बिचौलिए सरकार को चुना लगा रहे हैं। विकास योजना धरातल पर उतरने से पूर्व ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया ।अब कैसे कल्पना की जा सकती है की योजना गुणवत्तापूर्ण बनाया जाएगा।

किसी भी विभाग से टेंडर निकलने के बाद टेंडर मैनेज करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। कई संवेदक इसी लिहाज से टेंडर में शिरकत करते हैं कि उन्हें टेंडर मैनेज करने के नाम पर कुछ कमाई हो जाए। क्योंकि संबंधित विभाग में रजिस्टर्ड संवेदक को ढ़ाई-तीन हजार रुपये में पेपर खरीदकर करीब चार गुणा राशि की कमाई हो जाती है। काम करने के इच्छुक संवेदक को संबंधित संवेदकों को मैनेज करने की मजबूरी होती है। इसके बाद ही शुरू हो जाता है टेंडर मैनेज करने का खेल। इसके बाद ऐसे संवेदक सार्वजनिक स्थानों पर ही अपना रेट बताना शुरू कर देते हैं। काम करने का इच्छुक संवेदक उन्हें पैसे बांटता नजर आ जाता है। कई मौकों पर मनचाहे रेट में टेंडर लेने के लिए ही पूर्व में टेंडर मैनेज कर लिया जाता है और कार्य लेने के दौरान तयशुदा राशि संबंधित टेंडर में हिस्सा लेने वाले अन्य संवेदकों को बांट दी जाता है। कई मौके पर विवाद के बीच पैसे के लेन देन से ही मामले को निपटाने का प्रयास होता है। शनिवार की शाम ऐसा ही नजारा समाहरणालय परिसर में ही देखने को मिला। भवन निर्माण विभाग लातेहार के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 30/2023/24. 1.09 करोड़ रुपए का पांच ऑफ लाइन टेंडर निकला गया था पर दो टेंडर सूत्रों के मुताबिक पांच पाँच प्रतिशत मे मैनेज हो गया इसके तहत संबंधित टेंडर में 30 प्रतिशत निम्न तक जा सकता है।



**टेंडर मैनेज करने की पूरी प्रक्रिया का वीडियो है मौजूद:** टेंडर मैनेज के दौरान किस प्रकार से दूसरे अन्य संवेदकों की टेंडर मैनेज जाती है। इस नजारे की पूरी वीडियो रिकार्डिंग आजाद सिपाही के पास मौजूद है।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

# चिकित्सकों ने की 300 लोगों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा में 3 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा एवं शेल्बी डिवाइन अस्पताल रांची के सहयोग से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 300 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमे न्यायाधीशगण, सिविल कोर्ट कर्मी, अधिवक्तागण, पुलिस बल, पीएलवी सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं कैंप में दवा का भी वितरण किया गया। वहीं कैंप का शुभांरभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजेंद्र बहादुर पाल व कैंप में पहुंचे चिकित्सकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं



पीडीजे ने कहा कि स्वास्थ्य जांच सभी के लिए आवश्यक तत्व है। जिसके आधार पर उनके क्रियाकलापों को निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। डालसा सचिव ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य पर सभी का अधिकार है। वहीं कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक डा प्रिया, नेत्र विशेषज्ञ, डा विनीता हीरो पैथोलॉजिस्ट, डा देवनीश खेश गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ, डा विवेक कुमार डेविड, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा हेमंत आल्डा न्यूरोलॉजिस्ट और डा दिप्ती कुजूर महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डा आरके उपाध्याय फिजिशियन, डॉ विनय कुमार, नेत्र सहायक उपस्थित हुए। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंप में पहुंचे लोगों का ईसीजी, बीडीएम, मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी संबंधी बीमारी सहित अन्य बीमारियों का जांच किया गया। मौके पर एसडीजेएम श्री राजकल्याण, सिविल सर्जन डा राजमोहन खलखो, डीएस डा शंभू नाथ चौधरी, सभी न्यायिक कर्मी, अधिवक्ता, पीएलवी, सहायक चिकित्साकर्मी रवि वर्मा, गोलू सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# परचम कुशाई के साथ चार दिवसीय सालाना उर्स शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह की 99वीं उर्स का आगाज शनिवार को परचम कुशाई के साथ आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सहसचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी, हाफिज सफीक, कारी शाहिद कुरैशी फिदाई, असगर अंसारी, लुकमान अंसारी, अबुल कलाम तैगी, सज्जाद अंसारी, सिराज अंसारी, मोहम्मद कैश, सगीर अंसारी, खालिद अंसारी, असगर तैगी आदि समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों द्वारा हजरत बाबा दुखना शाह के मजार पर परचम लहराया गया।



मौके पर अंजुमन इस्लामिया सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी ने कहा कि आज परचम कुशाई के साथ हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) की चार दिनी उर्स मुबारक शुरू हो गई है। 04 फरवरी रविवार को केरत व नातिया ईनामी मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से असर तक होगा। 05 फरवरी सोमवार को को अहले सुबह 3.00 बजे गुसुल संदल और चादरपोशी सुबह 6:00 बजे अंजुमन इस्लामिया के जानिब से की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर व चादरपोशी की जाएगी। सुबह 6:00 बजे से ही कुरआन ख्वानी ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से की जाएगी। जबकि बाद नमाज जोहर लंगरखानी होगी। 06 फरवरी को बाद नमाज जोहर लंगरखानी, कुरैश फ्यूल सेन्टर के जानिब से की जाएगी। साथ ही बाद नमाज ईशा ईद मिलादुन्नबी और तबर्रूक तकसीम की जाएगी। उन्होंने बताया कि 05 एवं 06 फरवरी की रात महफिल ए कव्वाली का प्रोग्राम है। जिसमें टीवी सिंगर सलीम जावेद (मुंबई) एवं टीवी सिंगर सलीम राजा (मुंबई) के बीच शानदार मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि 05 फरवरी के कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटनकर्ता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं मुख्य अतिथि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव होंगे, जबकि 06 फरवरी की रात कव्वाली प्रोग्राम का भी उद्घाटनकर्ता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे और मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता होंगे। हाजी मो. अफसर कुरैशी ने बताया कि परंपरा के मुताबिक इस उर्स मुबारक का मुख्य संरक्षक लोहरदगा के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां होंगे।

# पुलिस ने 1.05 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के तनवई गांव में पुलिस ने शनिवार को 1.05 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई में वन विभाग के टीम भी शामिल थे। टीम का नेतृत्व अंचलाधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार कर रहे थे। जबकि टीम में इनके अलावे अंचल अमीन व चौकीदार शामिल थे। बताते चलें कि रघुनंदन सिंह के भूमि में लहलहा रही पोस्ता की फसल की गुप्त सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पोस्ता नष्ट करने को लेकर अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि अंचल टीम व वन विभाग के सहयोग से थाना क्षेत्र के जंगलों में लगे फसलों को नष्ट किया गया। पोस्ता के खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। चौकीदारों को भेजकर फसल की फोटोग्राफी करवाया जा रहा है। जिसके आधार पोस्ता की फसल को नष्ट किया जायेगा। इसमे शामिल लोगों चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा।



# वाहन टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत, दो गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के परहाटोली गांव के पास शुक्रवार शाम 6:00 बजे के करीब ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार युवा फुलवारटोली गांव निवासी 24 वर्षीय प्रवीण खलखो पिता समीर खलखो की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक चालक भेलवातला गांव निवासी 30 वर्षीय सागर कुजूर और बाइक में सवार फुलवार टोली गांव निवासी 23 वर्षीय युवक ऑस्कर लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। ऑस्कर लकड़ा का दाहिना पैर टूट गया है, जिसे प्राथमिक इलाज की उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक प्रवीण खालखो के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है। साथ ही



पुलिस जांच में जुट गयी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार सागर कुजूर अपने दो साथियों ऑस्कर लकड़ा और प्रवीण खलखो को भेलवातला गांव से फुलवारटोली उनके गांव छोड़ने बाइक से जा रहा था। इसी दौरान परहाटोली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर जिसका एक ही लाइट होने के कारण सीधी टक्कर हो गयी। जिससे बाइक सवार प्रवीण खलखो की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। बाद में चैनपुर थाना ने बरवेनगर से उक्त ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले आयी।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 से, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आगामी 06 फरवरी से शुरू हो रहे जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटरमीडिएट के कला, विज्ञान, वाणिज्य, बोर्ड परीक्षा 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक सहित सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित हुए ।

परीक्षा संचालन हेतु नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि मैट्रिक के कुल 14060 परीक्षार्थियों के लिए जिले में 54 परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था की गई है तथा इंटरमीडिएट के 8890 परीक्षार्थियों के लिए 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । उनके द्वारा सभी केंद्राधीक्षक को पूरी तैयारियों के साथ व्यवस्थित तरीके से परीक्षा संचालन का निदेश दिया गया । शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा संचालन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण



जानकारियां साझा करते हुए सुरक्षा और गोपनीयता के साथ कोषागार/बैंक से प्रश्नपत्र प्राप्त कर पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संचालन करने एवं उत्तर पुस्तिका सील करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सहित उचित रौशनी, टॉयलेट की स्वच्छता आदि पर ध्यान रखने का निदेश दिया गया ।

उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए तथा यह ध्यान रखा जाए कि दिव्यांग बच्चों को परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो ।

उनके द्वारा परीक्षा केंद्र में बेंच डेस्क की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी प्रखण्ड के बीईओ को निर्देशित किया गया कि यदि किसी परीक्षा केंद्र में बेंच डेस्क की कमी है तो परीक्षा अवधि के लिए निकट के विद्यालय से उसकी व्यवस्था करायें । उनके द्वारा सभी केंद्र में निर्बाध सीसीटीवी संचालन के निर्देश दिये गये तथा जिन केंद्र में सीसीटीवी नहीं है उनमें निर्वाचन विभाग से समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा निदेशित किया गया कि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति में यह ध्यान रखा जाए कि सम्बन्धित व्यक्ति विवादों से परे हों तथा उनके कोई निकट सम्बन्धी उस केंद्र में परीक्षा ना दे रहे हों ।

**उपायुक्त ने की मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षार्थियों से अपील :** उपायुक्त ने वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्रा एवं संबंधित अभिभावकों से अपील की गई है कि अच्छे परीक्षा परिणाम की प्राप्ति हेतु मॉडल प्रश्नों के अभ्यास एवं कोर्स रिविजन सहित पिछले कुछ वर्षों के बोर्ड परीक्षा के प्रश्नों को नियमित रूप से हल करने के साथ-साथ सभी विषय के सिलेबस के अनुरूप स्मार्ट प्लानिंग तथा टाइम मेनेजमेंट पर विशेष फोकस करना आवश्यक है और परीक्षा तैयारियों को फाइनल टच देने के साथ-साथ यह ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है कि बोर्ड परीक्षा के प्रति किसी प्रकार का तनाव नहीं लिया जाना चाहिए।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा सम्बन्धित विद्यालय शिक्षकों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बसिया संकुल में संकुल स्तरीय पीएम पोषण योजनान्तर्गत वित्तिय वर्ष 23-24 में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन रा. बालक मध्य विद्यालय बसिया में किया गया। इस प्रतियोगिता में रा0 कन्या मध्य विद्यालय बसिया के रसोइया 88 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही बालक मध्य विद्यालय बसिया के रोसइया 86 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर एचएम अरुण कुमार, एडवर्ड मिंज, अनिल कुमार साहू, जनार्दन रजक, संतोष कुमार बीसी, विद्यालय के प्रधानमंत्री सुहानी कुमारी, पोषण मंत्री पुनिता कुमारी बीणा कुमारी आदि उपस्थित थी। विजेता 5 फरवरी को बालक मध्य विद्यालय में होने वाले प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## प्रखंडस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कलिगा मैदान में 4 फरवरी को सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज के तत्वावधान में प्रखंडस्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी राज्य प्रमुख ओमप्रकाश सिंह ने देते हुए बताया कि सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज बिगत 15 वर्षो से स्वास्थ्य शिक्षा एवम समाज कल्याण बिभाग के समनव्य से किशोर किशोरियो के बीच उनके सर्वांगीण विकास हेतू स्वास्थ एवम शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों में तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य किशोर किशोरियो को स्वास्थ्य पोषण नशापान के दुष्परिणाम लड़का लड़कियों में भेदभाव स्वास्थ्य जीवनशैली शिक्षा का महत्व जीवन कौशल एवम कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर उनकी सोच एवम ब्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है।ताकि वे एक अच्छे नागरिक के रूप तैयार हो एवम समाज एवम देश के विकास में योगदान कर सके।

## नये एसडीपीओ के रूप में सुरेश प्रसाद यादव ने किया प्रभार ग्रहण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में नए एसडीपीओ के रूप में सुरेश प्रसाद यादव ने शनिवार को मनीष चंद्र लाल से प्रभार ग्रहण किया। वही मनीष चंद्र लाल ने नए एसडीपीओ का स्वागत किया। इसके बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने थाना प्रभारी विनोद कुमार के साथ शहर की विधि व्यवस्था का जायजा लेने निकल पड़े। वहीं चौक चौराहा पर गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया। शहर के विभिन्न मार्गो में घूमते हुए थाना प्रभारी से शहर के गतिविधि और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विधि व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने पद ग्रहण करने के तुरंत बाद ही कार्य आरंभ कर दिया। इसके बाद लोगों में नए एसडीपीओ के कार्य को लेकर काफी उत्साह है।

# मनरेगा को लेकर ग्रामीणों के बीच चला जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर प्रखंड के कुलाबिरा पंचायत, पतिया गांव में मनरेगा दिवस पर ग्रामीणों के बीच मनरेगा संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया।जहां पंचायत प्रतिनिधि व प्रदान ने एक दिवसीय मनरेगा कार्यक्रम चलाया। प्रदान संस्था के उपस्थित कार्यकर्ता ने मनरेगा योजना के अंतर्गत होने वाले कार्य जैसे आम बागवानी, जमीन समतलीकरण, कुआं, दोभा, दीदी बारी योजना एवम प्रतिदिन मिलने वाले दैनिक भत्ते, मस्टररोल इत्यादि के बारे में विस्तार में जानकारी दी। पतिया वार्ड सदस्या अंजु रानी देवी ने गांव में मनरेगा में कार्य करने के लिए गांव वासियों को प्रोत्साहित किया और आश्वासन दिया की जॉब कार्ड से संबंधित कागज लेकर पंचायत आएं एवम कार्ड



बनवायें। इसके साथ सभी को आम बागवानी और आवास के अलावा बाकी योजनाओं का भी लाभ लेने के लिए बताया। पंचायत रोजगार सेवक विजय कुमार सोनू ने मनरेगा से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा की। बताया कि मनरेगा के तहत प्रति संयुक्त परिवार को 100 दिन कार्य करने का अधिकार प्राप्त है।कार्तिक ने लोगों को रोजगार दिवस की जानकारी दी। साथ ही पंचायत में होने वाले कार्यों की जानकारी को साझा किया। जहां ग्रामवासी अलग अलग योजना व कार्य के लिए आवेदन करने का तरीका बताया। ग्रामवासीयों ने मनरेगा को लेकर उत्पन्न समस्याएं व अन्य कई प्रश्न किए। कार्य की मांग के बाद कार्य न मिलें,कार्य के लिए जॉब कार्ड नहीं होना, समय पर खाते में पैसा नही पहुंचना इत्यादि परिस्थितियों से निबटने के सुझाव मांगे। वर्तमान समय में गांव में 60 प्रतिशत लोगों के पास आम बागवानी है और आज के समय में सभी जागरूकता के साथ कार्य करना चाहते हैं। प्रदान से उपस्थित कार्यकताओं ने मनरेगा से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी लोगों के साथ साझा की।

## जेबीकेएसएस कमेटी का गठन 11 फरवरी को होगा

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित हाई स्कूल स्टेडियम मैदान में शनिवार को धनेश्वर उरांव के अध्यक्षता में झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति का बैठक संपन्न हुआ। सनी संदीप तिग्गा ने कहा कि झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव मे अपने प्रत्याशी उतारने के लिए कमर कस ली है। जिसको लेकर झारखंड के सभी जगहों कमेटी गठन एवं संगठन विस्तार किया जा रहा है। जिस निमित्त आज बिशुनपुर प्रखंड में जेबीकेएसएस पार्टी के सिद्धांतों को कार्यकताओं के बीच रखा गया। आगामी 11 फरवरी दिन रविवार को पुनः बैठक में कमेटी का गठन किया जायेगा। इस मौके पर रोहित, रोशन भगत, आशीष सिंह, इंद्रजीत उरांव जितेंद्र खेरवार, गौतम उरांव, प्रदीप कुजुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# खेत से चोरों ने की सिंचाई मोटर मशीन चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** शिवनाथपुर डहुटोली गांव निवासी ट्रैक्टर गर्ल के नाम से मशहूर महिला किसान मंजू उरांव के छारदा स्थित खेत से गुरुवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने 2 एचपी का सिंचाई मोटर मशीन को चुरा लिया। मंजू उरांव के खेत से डेढ़ महीना में यह दूसरी चोरी है। इससे पूर्व 7 दिसम्बर को भी इसी खेत से अज्ञात चोरों ने डेढ़ एचपी का सिंचाई मोटर मशीन,40लीटर डीजल और 60 केजी मटर बीज की चोरी कर लिया था। मंजू के आवेदन पर एसआई शारिक अली दल बल के साथ शनिवार को खेत पहुंचकर मंजू से मामले की जानकारी लिया। अली ने जल्द चोरों तक पहुंचने की बात कहा है। मंजू उरांव ने बताया कि वह छारदा गांव के विष्णु उरांव



के खेत को लीज में लेकर खेती करती है।खेत में फसल लगा हुआ है मशीन की चोरी हो जाने से सिंचाई के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूंजी का अभाव है और बार बार मशीन खरीदकर आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। मंजू ने चोरों के विरुद्ध सख्त से सख्त कारवाई करने और मशीन खोजने की गुहार लगायी है।

## यूनियन के नाम पर मजदूरों को बेवकूफ बना रहे हैं राजेश सिंह

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर यूनियन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कहलाने वाले राजेश सिंह मजदुरों को बेवकूफ बना रहे हैं। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मजदुर यूनियन सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने कही। उन्होंने कहा कि उक्त कथित मजदूर नेता का जब छोटे छोटे मामलों से पेट नहीं भरा तो राजनीति पार्टी के हाथों खुद को बेच दिया। उन्होने मजदूरों के साथ धोखा देने वाला काम किया है। वह पहले भी खुद को मजदूर यूनियन का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष फर्जी तरह से बने हुए थे। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर बिना किसी वैधानिक पेपर के खुद को मजदूर यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष कहलाते थे।जब धीरे धीरे बात फैलने लगी, आम जनता और अधिकारियों को शक होने लगा तो अब राजनीति के शरण में सुरक्षित होने के लिए चले गए। जुम्मन खान ने राजेश कुमार सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने कई ठेकेदारों से अवैध वसुली भी की। इस मामले में राकेश कुमार सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस तरह का बेबुनियाद आरोप मुझ पर लगा कर मेरी छवि को धूमिल किया जा रहा है। मेरा काम मजदूरों की सेवा करना है।

## मानव तस्करी की शिकार गुमला की तीन लड़कियों को किया गया रेस्क्यू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में मानव तस्करी का शिकार हुई तीन लड़कियों को डीसीपीओ सरिता कुमारी व प्रशासन के सहयोग से रेस्क्यू कर गुमला लाया गया। वही एक और लड़की को रेस्क्यू किया गया, जो लातेहार जिला के रहने वाली है। कुछ वर्षों पूर्व गुमला से दलालों के द्वारा तीन लड़कियों को प्रलोभन और काम दिलाने के बहाने दिल्ली ले जाकर बेच दिया गया था। लड़कियों के लापता होने की सूचना परिजनों ने थाना में दर्ज कराई थी। इसके बाद अनुसंधान में लड़कियों के दिल्ली होने की बात पता चला। इसके बाद प्रशासन के सहयोग से तीनों लड़कियों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराकर गुमला लाया गया। वही लड़कियों से दिल्ली में काम कराया जाता था और प्रताड़ना भी की जाती थी। अब लड़कियों को पुनर्वास की योजना बनाई जा रही है। वही तीनों लड़कियों को कूक के संरक्षण में रखा गया है अब लड़कियों को शिक्षा से भी जोड़ा जाएगा।

# बाइक चालक ने छात्रा को मारी टक्कर दोनों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घाघरा नेतरहाट रोड स्थित संतोषी मंदिर के समीप बाइक चालक देवाकी घाघरा निवासी 17 वर्षीय भवेश भगत पिता स्वर्गीय सूर्यमणि भगत ने पैदल चल रही 16 वर्षीय छात्रा घाघरा निवासी बिना कुमारी पिता सूरज देव सिंह को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद दोनों को गंभीर चोट लगी। वही दोनों बेहोश भी हो गये। स्थानीय लोगों ने तत्काल भवेश को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। वहीं छात्रा के परिजन भी घटना की जानकारी पर घटनास्थल पहुंचे और छात्रा को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए




सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में दोनों का इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। वही दोनों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों को रिम्स ले जाने की तैयारी करने लगे। बिना कुमारी को रिम्स ले जाने के लिए एंबुलेंस में चढ़ाया गया तभी उसकी मौत हो गयी। वहीं भवेश भगत की भी कुछ देर बाद इलाज के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार छात्रा शनिवार की शाम मोबाइल में रिचार्ज करवाने अपनी एक सहेली के साथ घाघरा की ओर जा रही थी। वही भगत भी तेज गति से बाइक चलाते हुए घाघरा की ओर ही जा रहा था। तभी अचानक एक कुत्ता सड़क पर दौड़ गया, जिससे सर्विस अनियंत्रित होकर छात्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया परिजनों ने बताया बिना कुमारी सेंट पैट्रिक प्लस टू गुमला में एक आर्मी कक्षा की छात्रा है और घाघरा से ही विद्यालय आना-जाना करती थी। फिलहाल दोनों के शव को सदर अस्पताल के शवगृह में रखा गया है जहां रविवार को दोनों का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

# गुमला टीम ने गिरिडीह टीम को हरा कर फाइनल में बनाया स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला एवं मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला के आतिथ्य में आयोजित 2 दिवसीय झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसका क्रिकेट के फाइनल मैच के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन गुमला शाखा द्वारा किया गया। जिसमें की क्रिकेट, कैरम, चैस, टेबल टेनिस, और बैडमिंटन खेलों का आयोजन किया गया था। इसमे हिसा लेने के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों के शाखा आये थे। जिसके अंतर्गत कई सारे टूनार्मेंट कल संपन्न हो गये थे। आज क्रिकेट के दो मैच हुये।

जिसमें क्रिकेट में गुमला टीम




ने गिरिडीह की टीम को हरा कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। फाइनल मैच रांची और गुमला के बीच हुई जिसमें की रांची की टीम ने अपना जगह नैशनल मे सुनिश्चित किया। इन मैचों में विजेताओं को उनके अवार्ड प्रांतीय संयोजक विकास अग्रवाल, रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, रांची के पूर्व सचिव दीपक अग्रवाल, गुमला के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, गुमला प्रेरणा के अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पंकज साबु, सहसंयोजक शंकर अग्रवाल और अक्षय मंत्री, पूर्व अध्यक्ष नटवरलाल अग्रवाल, क्रिकेट संयोजक अमित मंत्री द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच गुमला और मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला के सदस्य उपस्थित थे। प्रेरणा सचिव कांत साबू, रोहित खंडेलवाल, पूनम अग्रवाल, रूपा साबू, स्वाति अग्रवाल, अमित मंत्री उर्फ गोलू, राघव साबू, सुमित साबू, शुभम खंडेलवाल, और भी विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना के नाम पर कोई भी वसूली करना अपराध : भूषण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिसद कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात कर गुमला नगर में प्रधानमंत्री आवास योजनाओं में चल रही अवैध वसूली को लेकर मुलाकात किया। बताया कि आवास योजना में लाभुकों को जियो टैग और अन्य पैसा की स्वीकृति को लेकर निरंतर आम गरीबों से उगाही जारी है। मिशन बदलाव टीम से बात करने के दौरान प्रसाशक दिलीप कुमार ने कहा कि आवास के नाम पर कोई भी बिचौलिये आते है तो कार्यालय



में तुरंत आकर शिकायत करें। मिशन बदलाव के भूषन भगत ने कहा कि कोई भी पूर्व वार्ड पार्षद और नगर परिषद के को भी कर्मचारियों को आवास योजना का लाभुक बनने और अन्य किस्त दिलाने के नाम पर पैसा न दे और कोई अगर पैसा की मांग करता है, तो मिशन बदलाव को संपर्क करें या नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को संपर्क कर सकते है। मिशन बदलाव जिला सचिव ने गुमला के साफ सफाई को लेकर गंभीरता से।लेकर कार्य करने को अवगत कराया। मिशन बदलाव नगर सचिब बिनय गोप ने फुटपाथ दुकान दरों के समस्याओं को लेकर डेली मार्केट टंगरा के पीछे फुटपाथियों के लिये जीएसशॉप निमार्णाधीन योजना को जल्द से जल्द धरातल में उतारने को लेकर अवगत कराया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी से मिलने वालों में मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर सचिब बिनय गोप, तबरेज आलम और जनक गोप उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में शामिल होंगे खिलाड़ी

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** तृतीय राज्यस्तरीय गतका (तलवारबाजी) प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने हजारीबाग रवाना हुए हैं। हजारीबाग के बरही स्थित रॉयल ऑर्किड स्कूल में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों से कुल 300 खिलाड़ी शामिल हुए हैं। इसमे लोहरदगा के कुडू, कैरो और सेन्हा प्रखण्ड से बालक वर्ग में मुकेश उराव एवं मिहिर त्रिपाठी और बालिका वर्ग में गीतांजलि उराव, संतोषी कुमारी, कुमकुम कुमारी और अंजलि कुमारी सहित कुल 6 खिलाड़ी हजारीबाग पहुंच चुके हैं।

# विद्यालय भवन की छत तोड़ने के क्रम में ढहा, एक मजदूर की दबकर मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सारूबेडा चीरोडीह स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय चिरोड़ीह के जर्जर भवन को तोड़ने के क्रम में छत के अचानक ढहने से तीन मजदूर दब गए। अन्य मजदूरों व ग्रामीणों की मदद से दो मजदूरों को बाहर निकाला गया। वहीं घटनास्थल पर ही एक मजदूर की मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल मजदूर पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सारूबेडा चीरोडीह निवासी 60 वर्षीय बेलस खाखा और 30 वर्षीय असीम तिर्की को उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां डॉक्टर के नहीं रहने पर दोनों को सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत असीम तिर्की की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। उसके सर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। वहीं मजदूर बेलस खाखा का एक पैर टूट गया है। जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय चिरोड़ीह पालकोट में सरकारी जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य चल रहा था। छत में सात मजदूर छत को तोड़ रहे थे। चार मजदूर एक तरफ छत को तोड़ रहे थे वहीं तीन मजदूर दूसरी ओर तोड़ने में लगे थे। तभी एक साइड का छत अचानक ढह गया। जिसमें दबने से सारूबेड़ा चिरोडीह निवासी 25 वर्षीय जबलून किंडो पिता नयमन किंडो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी अनिल लिंडा को दी। थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच आगे कार्रवाई में जुट गये हैं।

# महेंद्र सिंह धोनी से मिले अविनाश देव, दिया पलामू आने का न्योता




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान दिग्गद खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात कर अपने संत मरियम विद्यालय में आने का न्योता दिया। इसके बाद अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ने कंधे पर हाथ रख आश्वासन के दो शब्द बोले। बताया कि पलामू आने से यहां के बच्चों में उत्साह जगेगी। खेल के दुनिया में पलामू की धरती पर भविष्य गढ़ने की संभावना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी हर कोशिश है कि विद्यालय के नए सत्र में पलामू की धरती पर क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय बादशाह एमएस धोनी को लाऊं। मुलाकात के दौरान पूर्वोत्तर भारत के बड़े किसान, क्रिकेट के बेताज धुरंधर जिन्होंने झारखंड राज्य का नाम विश्व पटल पर ले गए उनके फार्म के कृषि सलाहकार रौशन कुमार एवं पशु चिकित्सक डॉ विश्वरंजन कुमार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ पंकज कुमार आदि उपस्थि थे।

## मैट्रिक और इंटर परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2024 को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संचालन को लेकर कार्यपालक दंडाधिकारी शुभम बेला टोपनो ने धारा-144 लागू की है। इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की छह फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा-2024 शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त निष्पादित करने के लिये विधि व्यवस्था को लेकर धारा-144 लागू किया गया है। हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के 13 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके तहत अभिभावक या किसी अन्य को इस परिधि में प्रवेश वर्जित होगा। वहीं पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के गोलबंद होने की इजाजत नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया है। इसके शत प्रतिशत अनुपालन के लिए तीनों प्रखंडों के संबंधित पदाधिकारियो को निर्देश दिया गया है। उन्होंने परीक्षार्थियों से ससमय परीक्षा केंद्र पहुचने और तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए हुसैनाबाद में आरके बक्शी उवि, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, आरके बालिका प्लस-2 उवि, मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, उर्दू मध्य विद्यालय, आरके हार्वे सोनभैली उवि, स्तरोन्नत उवि कामगारपुर हैदरनगर के आरके प्लस-2 उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्रस्तावित बालिका उवि, मध्य विद्यालय, हैदरनगर, मध्य विद्यालय हैदरनगर बाजार, बाजार, मोहम्मदगंज के स्तरोन्नत उवि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## अरविंद बेदिया को मिला हरिहरगंज के बीडीओ, सीओ और इओ का अतिरिक्त प्रभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर छतरपुर कार्यपालक दंडाधिकारी अरविंद बेदिया ने शनिवार को हरिहरगंज बीडीओ, सीओ और कार्यपालक पदाधिकारी पद का प्रभार संभाल लिया है। इस दौरान निवर्तमान अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने सीओ और कार्यपालक पदाधिकारी पद का प्रभार छतरपुर कार्यपालक दंडाधिकारी अरविंद बेदिया को सौंपा और उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। विदित हो की बीडीओ राजेश एक्का और सीओ यामुन रविदास का स्थानांतरण हो गया है। हरिहरगंज प्रखण्ड के निवर्तमान बीडीओ राजेश एक्का ने विगत दिनों ही कार्यपालक दंडाधिकारी अरविन्द बेदिया को बीडीओ का प्रभार सौंप चुंके हैं। इस मौके पर शहर प्रबन्धक नजीबुल्लाह अंसारी, प्रखण्ड सहायक सरयु बैगा, अंचल नाजीर प्रितम प्रफुल एक्का, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन

# लोकसभा चुनाव के लिए छात्राएं बनें जिले की ब्रांड एंबेसडर: डीसी

**सोमवार को महिला कॉलेज में मतदाता पहचान पत्र बनाने के शिविर लगाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की ओर से शनिवार को इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने किया। कार्यशाला में उपस्थित सैकड़ो छात्राओं को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आप सभी छात्राएं आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिले के ब्रांड एंबेसडर बने, ताकि हरेक लड़की समाज में मतदान के प्रति जागरूकता लाएं। पहली बार वोट करने वाली छात्राएं उत्साह के साथ वोट करें और अपने साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी लड़कियां टीम बनाकर आपस में राजनीतिक परिचर्चा करें। इससे आप में राजनीतिक विषय का ज्ञानवर्धन होंगी और इसमें दिलचस्पी भी बढ़ेगी। डीसी ने डीडीसी प्रीति किस्कु को सोमवार को महिला कॉलेज में कैंप लगाने का निर्देश दिया। जिसमें 18 साल या उससे अधिक के वैसे छात्राएं जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है, उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर में डेवलोपमेन्ट किया जाएगा ताकि छात्राओं को पढ़ाई करने में सरल व सुविधा हो। उन्होंने स्कूल प्रशासन से समय-समय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया। डीसी ने उपस्थित कई छात्राओं से संवाद किया और उनके प्रश्नों के समुचित जवाब भी दिए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के गुण भी दिए। इस अवसर पर महिला कॉलेज के छात्राओं ने अलग-अलग विषयों से संबंधित स्टॉल लगाए, जिसका अवलोकन डीसी ने किया व स्टॉल लगाने वाले छात्राओं की प्रशंसा भी की। इस मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, प्राचार्य डॉ मोहिनी गुप्ता आदि उपस्थित थे।


छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते डीसी शशि रंजन।

# मील का पत्थर बनने वाला है गांव चलो अभियान: अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर स्थित स्थानीय मंडल कार्यालय में शनिवार को भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का सम्मान किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, कार्यशाला प्रभारी अजय तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष ज्योति पाण्डेय, सांसद जिला प्रतिनिधि ललित मेहता उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी का चलो गांव की ओर अभियान को लेकर चर्चा की गई। जिसमें पांच से 10 फरवरी तक कार्यक्रम चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इसमें जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे। कार्यक्रम में 16 बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से दीवार लेखन में अबकी बार फिर भाजपा सरकार 400 पार अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे और 11 फरवरी को एकात्म वाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मानते हुए कार्यक्रम का समापन होगा। अपने संबोधन में कार्यशाला प्रभारी अजय तिवारी ने कहा कि भाजपा का चलो गांव की ओर कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम को सिर्फ इसलिए शुरू किया है कि गांव तक मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना की जानकारी पहुंच सकें। कहा कि जरूरत इस बात को लेकर है की ग्रामीणों के बीच भाजपा और पीएम मोदी के कार्यकाल को लेकर क्या चर्चा है इसकी भी जानकारी जुटानी है। वहीं, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पद एक जिम्मेवारी है हम सब कार्यकर्ता भाजपा के सच्चे सिपाही के रूप में निस्वार्थ भाव से कार्य में लगे रहते हैं। इसी तरह कार्यकर्ताओं की बदौलत हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में नया आयाम लिख रहा है जो 2047 तक विश्व पटल पर अग्रणी भूमिका में रहेगा। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं जिनके लिए मैं सदैव खड़ा रहूंगा। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। उपस्थित लोगों से कहा कि प्रत्येक बूथ के आम जनमानस को यह बताने की आवश्यकता है कि आजादी के बाद सनातन के रक्षक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिलें है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के माध्यम से विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहे हैं। कार्यशाला में नये जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन सोनी, महामंत्री राजीव रंजन शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, सर्वेश्वर सिंह, अनुज शुक्ला, अक्षय तिवारी, संजय शुक्ला, कृपाल सिंह, विनय तिवारी, बिनोद राम, कौशल पासवान, उमेश दूबे, यमुना सोनी, मुन्ना पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 60 घंटे बाद टूटा भाकपा-माले का अनशन

**पीएचडी विभाग के पदाधिकारी ने दिया आश्वासन, 28 फरवरी तक पूरा होगा काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत सात पंचायतों के 48 गांवों में नल-जल योजना के तहत घर-घर पाइपलाइन पहुंचाना था। लेकिन किसी गांव में सुचारू रूप से पानी नहीं पहुंचा है। जहां पहुंच भी है पाइप लीकेज के कारण सड़क पर पानी बहाव हो रहा है। योजना में भारी अनिमियतता देखी जा रही थी। ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत सभी घरों में सुचारू रूप से पानी पहुंचे एवं गड़बड़ियों को ठीक करने की मांग को लेकर भाकपा-माले के कार्यकर्ता एक फरवरी से अनशन पर थे। अनशन में पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी और किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह आरवाईए जिला अध्यक्ष इजहार अनशन पर बैठे थे। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों लोग शामिल हो रहे थे। लोगों का जन समर्थन भी मिल रहा था। धीरे-धीरे पूरे प्रखंड में भारी आक्रोश जनता में देखी जा रहा था। तीसरे दिन भाकपा माले ने पांकी बंद की भी घोषणा कर दी थी। लेकिन तीसरे दिन करीब एक बजे पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर दल बल के साथ अनशन स्थल पर पहुंच गए। जिसके बाद जनता ने अपनी मांगों को नारे के रूप में तेज कर दिया। अनशन स्थल पर पहुंचे पदाधिकारियों से एक घंटे तक भाकपा माले के कार्यकर्ता से वार्ता की और उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इसके बाद तीनों अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया गया। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सात दिन के अंदर जांच कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच करेंगे। जांच कमेटी में जिला परिषद के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। जांच के उपरांत सभी गड़बड़ियों को ठीक किया जाएगा और 28 फरवरी तक 48 गांव के सभी घरों तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### मजदूर किसान इंटर कालेज की लापरवाही से छात्रा का नहीं आया एडमिट कार्ड, परीक्षा को लेकर चिंता



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला पांकी कॉलेज की प्राचार्य व शिक्षकों की लापरवाही का खामियाजा छात्रा रिशु कुमारी को भुगतना पड़ा। एडमिट कार्ड नहीं आने से छात्रा इंटर की परीक्षा देने से वंचित रह जाएगी। यह सोचकर रिशु काफी चिंतित है। रोते हुए अपने परिजन से कह रही है कि मेरा एक बर्बाद हो गया। इसकी शिकायत मैं जिला के अधिकारियों से करूंगी। छात्रा से मिली जानकारी के अनुसार डंडार कॉलेज में परीक्षा से वंचित होने वाले ऐसे दर्जनों छात्र-छात्राएं हैं जिन्हें प्राचार्य और शिक्षक की गलत रवैया के कारण परीक्षा देने से वंचित रह जाना पड़ता है। रिशु कुमारी पिता संजय सिंह का रजिस्ट्रेशन और चालान अधिविध परिषद में जमा नहीं होने के कारण उनका एडमिट कार्ड नहीं आया। इस कारण वो परीक्षा में नहीं बैठ पाएगी। आठ फरवरी को इंटर की परीक्षा प्रारंभ होगी। ऐसे में छात्रा रिशु का कहना है कि मजदूर किसान डंडार कला कॉलेज अब गरीबों का नहीं रहा, क्योंकि यहां पर काफी पढ़ाई के नाम पर तरह-तरह की रशीद थामकर महीना दो महीना छह माह यानी दो साल में आठ से 10 हजार रुपए छात्र-छात्राओं से लिया जाता है।

### ओबीसी समाज को मिले उचित हक-अधिकार : गोरखनाथ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ शनिवार को बरवाही, उटारी आदि पहुंच कर सभी गांवों में नुक्कड़ सभा किया। जिसमें प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि ओबीसी समाज के साथ आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग छलावा ही करते आ रहे हैं। अब ओबीसी के युवा गोलबंद होकर सरकार से लड़कर अपना हक और अधिकार लेंगें। उन्होंने कहा कि जब तक ओबीसी को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कहा कि ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दल और संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। बृजनंदन मेहता ने कहा कि ओबीसी की आबादी 65 प्रतिशत है फिर भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही ओबीसी समाज के लोगों को 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में आने का आग्रह किया है। इस मौके पर अशोक प्रसाद, पंकज गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बंगाली समाज की गीताश्री ने मरनोपोरांत दान की आंख

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर के बंगाली समाज की सशक्त स्तंभ के रूप में पहचान रखने वाली गीताश्री मल्लिक (82) का निधन शुक्रवार की शाम चार बजे हो गई। मृत्यु के बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप उनकी आंख कश्यप आई हॉस्पिटल में दान की गई। उनका इलाज रांची के माता रामप्यारी हॉस्पिटल में विगत कुछ दिनों से चल रहा था। वो पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी। गीताश्री मल्लिक की पहचान बंगाली समाज के साथ-साथ अन्य जगहों में भी एक समाजसेवी और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाली महिला के रूप में थी। उन्होंने अपनी पुत्र वधु तमन्ना मल्लिक को भी नृत्य के क्षेत्र में काम करने के लिए काफी प्रोत्साहित किया। शनिवार को मेदिनीनगर के हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उनके छोटे पुत्र किंशुक मल्लिक, दामाद अरुण विश्वास भी मौजूद थे। गीताश्री मल्लिक के निधन पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता, बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी, आईपीटीए के प्रेम भसीन, उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रवि शंकर, मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय, पलामू स्पोर्ट्समैन ग्रुप के ब्रजेश कुमार सहित प्रो सुधीर सिन्हा, प्रो सुधेश्वर महतो, प्रो केके मिश्रा, प्रो वीरमणि पांडेय, प्रो शिवपूजन सिंह, गौतम सेनगुप्ता, गौतम राय, देवाशीष सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, शुभंकर चक्रवर्ती, आशीष दासगुप्ता, प्रसेनजीत दशगुप्ता, अमर कुमार भांजा, शिवेश मोइत्रा, शौभिक दत्ता, अमिताभ दीक्षित, नंदब्रतो बोराल, तुषार बोरल, राजीव मुखर्जी, गौतम चटर्जी, बद्री सिंघानिया, सलभ सिन्हा, गगन सिंह, संजय सिंह, अभिषेक अखौरी, अविनाश कुमार, रविंद्र नाथ पांडेय, रत्नेश अखौरी, संजीव कुमार सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्राथमिकता : अक्षय

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान व उपस्थित शिक्षकों ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जूनियर क्लास की छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार ने 10वीं के छात्राओं को विदाई दी गई। इस दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों द्वारा 10वीं की छात्राओं को पेन-कॉपी व डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक और शिक्षणेतर क्रियाकलापों में हमारा विद्यालय हुसैनाबाद क्षेत्र में विगत कई वर्षों से अग्रसर रहा है। विद्यालय परिवार का प्रयास है कि बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे आदि उपस्थित थे।

### 65 रोगियों का किया गया लेंस प्रत्यारोपण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के सौजन्य से हुसैनाबाद शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को 65 रोगियों के आंख का ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। आपरेशन शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, संस्था के अध्यक्ष अंगद किशोर और डॉ धीरज प्रसाद, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल, व्यवस्थापक कमलेश कुमार विश्वकर्मा, रवींद्र सिंह, डॉ अखिलेश गुप्ता, पत्रकार जितेंद्र प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से किया। चंद्रेश्वर प्रसाद ने कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर पाठक ने संस्था को एक मुश्त 51 लाख रुपए दिए। उसी के ब्याज की राशि से प्रति वर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है।

## स्पोर्ट्स



भारत ने डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप के प्ले ऑफ मुकाबले में पहले दिन पाकिस्तान पर 2-0 की बढ़त ले ली है। इस्लामाबाद में भारत के लिए राम कुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाली ने अपने-अपने मैच जीत कर बढ़त बनाई है।

### डेविस कप : डबल्स और सिंगल्स मुकाबला आज, 1964 में भारत ने खेला था आखिरी मुकाबला

# भारत ने पाक पर बनायी 2-0 की बढ़त, इस्लामाबाद में रामनाथन और बालाजी ने दोनों सिंगल्स मुकाबले जीते

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत ने शनिवार को डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप क प्ले-ऑफ मुकाबले में पहले दिन पाकिस्तान पर 2-0 की बढ़त ले ली। इस्लामाबाद में भारत के लिए रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी, दोनों खिलाड़ियों ने अपने मैच जीते। पहले दौर के मुकाबले में, भारत के सिंगल्स स्टार रामकुमार रामनाथन ने पाकिस्तान के अनुभवी ऐसाम-उल-हक कुरेशी को दो घंटे में 6-7, 7-6, 6-0 से हराया। वहीं, भारत के श्रीराम बालाजी ने एक घंटे 15 मिनट में अकील खान को 7-5, 6-3 से हराय



डबल्स और रिवर्स सिंगल्स रविवार को खेले जाएंगे। रिवर्स सिंगल्स में पहले दिन के अपोनेंट स्वैप हो जाते है।

#### 1964 में आखिरी बार किया था पाक का दौरा

आखिरी बार भारतीय डेविस कप टीम ने 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था, जब टीम इंडिया ने मेजबान टीम को 4-0 के बड़े अंतर से हराया था। भारत का पलड़ा भी भारी ही रहा है।

#### यूकी और मायनेनी डबल्स में उतरेंगे

भारत के यूकी भांबरी और साकेत माइनेनी रविवार को टेनिस डबल्स मुकाबले में मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह का सामना करेंगे। गौरतलब हो कि डेविस कप की शुरूआत ओलिंपिक गेम्स शुरू होने के चार साल बाद, यानी की 1900 में हुई थी। इसे टेनिस का वर्ल्ड कप भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें 5-6 प्लेयर्स की पूरी टीम हिस्सा लेती है। टीमों के खिलाड़ियों बीच मुकाबलों के बाद मैचों में जीत के आधार पर एक देश को विजेता माना जाता हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक 16 टीमें चैंपियन बनी हैं। सबसे ज्यादा 32 खिताब अमेरिका ने जीते हैं।

#### भारत 3 बार रनर-अप रहा

डेविस कप 1966 में भारत उपविजेता रहा था। 1974 में भी उपविजेता रहे। इसके अलावा भारत 1987 में भी फाइनल तक पहुंचा था। तब हमें स्वीडन के खिलाफ हार मिली थी।

### सुरुंगा और मुकुंदा के ग्रामीणों पर पत्थरबाजी से बिगड़ा माहौल, पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया, मची भगदड़

# गोलीबारी और बमबारी से थर्रायी आउटसोर्सिंग परियोजना

आजाद सिपाही संवाददाता



आउटसोर्सिंग परियोजना के प्रतिवाद में प्रदर्शन करते सुरुन्गा और मुकुंदा के ग्रामीण।


घटनास्थल पर बरामद सुतली बम।


आक्रोशित ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करती पुलिस।

**झरिया।** सुरुन्गा एवं मुकुंदा मौजा के रैयतों की जमीन के बदले नियोजन-मुआवजा दिए बगैर जबरन ओबी डंपिंग कार्य करने पर शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने पांडव रजक ,कपूर गोराई, विरोध रजक के नेतृत्व में सुरुन्गा से आक्रोश रैली निकाली। रैली में शामिल सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने प्रबंधन विरोधी नारे लिखी तख्तियां हाथों में लेकर ओबी डंपिंग कार्य को बंद कराने साउथ तिसरा पहुंच गए। जहां ओबी डंप के उपर खड़े आउटसोर्सिंग परियोजना के समर्थकों ने ग्रामीणों को परियोजना में आने से रोकने के लिए उनपर जमकर पत्थरबाजी की। आरोप है कि इस दौरान गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका थर्रा उठा। करीब आठ राउंड फायरिंग और आधा दर्जन बम विस्फोट किए जाने की सूचना मिल रही है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। गोली और बम चलते ही ग्रामीणों में भगदड़ मच गयी। अंततः ग्रामीणों ने गोल्बद्ध होकर मोर्चाबंदी कर पुलिस कि मौजूदगी में ओबी डंप के उपर चढ़कर डंप पर खड़े आउटसोर्सिंग समर्थक गुंडों को खदेड़ दिया। घटना के दौरान पुलिस कर्मी कि संख्या कम होने के कारण हमलावरों के तांडव के आगे पुलिस बेबस दिखी। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने उमेश महतो नामक एक हमलावर को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग के गुंडों के दो बाइक में आग लगा दी। जबकि एक बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने मौके से एक जिंदा बम और एक फरसा जब्त किया है। हालांकि फरसा जब्ती के दौरान पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का भी सामना करना पड़ा है। इधर, आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन के समर्थकों द्वारा ग्रामीणों पर किए गए पत्थरबाजी में उषा देवी, आलोचना देवी, गंगामनी देवी, शकुंतला देवी, अंकुरी देवी, पांडव रजक, राहुल कुंभकार सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के विरोध में ग्रामीण एकजुट होकर आउटसोर्सिंग परियोजना को बंद कराने को दोपहर में मार्च करने लगे तभी पुलिस ने भीड़ को अनियंत्रित होता देख अलकडीहा ओपी प्रभारी आशीष यादव एवं तिसरा थाना प्रभारी एसके विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों पर लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया। ग्रामीणों ने लाठीचार्ज के विरोध में सुरुन्गा तालाब के समीप सभा कर पुलिस पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन एवं उसके गुंडा सतीश महतो पर पक्षपाती करने का आरोप लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि पुलिस ने अगर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाकर हमलावरों को बचाने का प्रयाश किया तो पुलिस के खिलाफ जनजागरण आंदोलन किया जाएगा।

## महाप्रबंधक ने किया पारसनाथ स्टेशन का निरीक्षण, दिये निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गया-मानपुर रेलखंड पर शुक्रवार की रात महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने धनबाद मंडल के पारसनाथ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर समपार एवं रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे रेलमर्मियों से पूछताछ की। साथ ही यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की। इस अवसर पर धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी उपस्थित थे। इसके पहले शुक्रवार की मध्य रात्रि में महाप्रबंधक ने मानपुर-गया रेलखंड का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने मानपुर के निकट समपार संख्या 67 स्पेशल का निरीक्षण किया एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की और प्रतिकूल परिस्थिति में भी अपनी जिम्मेवारियों के प्रति सजग रहने पर उनकी प्रशंसा भी की। महाप्रबंधक ने देर रात्रि गया जंक्शन स्थित ट्रैक मेंटेनेंस मशीन का अवलोकन भी किया। साथ ही उन्होंने गया जंक्शन पर क्रू-लॉबी एवं संयुक्त रनिंग रूम का निरीक्षण किया एवं रेलकर्मियों से संरक्षित रेल परिचालन के संबंध में पूछताछ की।

## डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर और डीएसपी हेड क्वार्टर-1 ने ग्रहण किया पदभार





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) दीपक कुमार और पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय-1 शंकर कामती ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा ने पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) दीपक कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय ने पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय-1 शंकर कामती को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## एसएसपी और ग्रामीण एसपी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का निरीक्षण किया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी और अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने शनिवार को राहुल गांधी की धनबाद में आयोजित होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के रूट का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने धनबाद जिले की बॉर्डर, राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल, गोविंदपुर, सरायढेला, रणधीर वर्मा चौक, श्रमिक चौक से लेकर बैंक मोड़ तक यात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार सहित संबंधित थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## राहुल गांधी के धनबाद आगमन पर बाघमारा के कांग्रेसी कपूरिया-महुदा में करेंगे भव्य स्वागत




**कतरास (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी के धनबाद आगमन से एक दिन पूर्व यानी शनिवार को धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर-2 के निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा समर्थक मासूम खान और धनबाद बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दिन प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को राहुल गांधी के आगमन पर महुदा में सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेसियों का जुटान होगा। इसके पूर्व छाताबाद से एक विशाल बाइक जुलूस निकाला जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए महुदा पहुंचेगी। जहां राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। बतातें चलें कि कल तक भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के करीब रहे मासूम खान ने कांग्रेस का गुणगान करते हुए कहा कि आज देश में एकता अखंडता एवं संप्रभुता खतरे में है। देश में अमन पसंद नागरिक भयभीत है। देश को बचाने के उद्देश्य से राहुल गांधी मजबूती के साथ खड़े होकर न्याय यात्रा पर चल पड़े हैं। हम सबको आज पूरी मजबूती के साथ खड़ा होने की आवश्कता है। वहीं, धनबाद बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि राहुल गांधी के न्याय यात्रा से पूरे भारत में एक अलग अलख जगी है। कांग्रेस 2024 में मजबूती के साथ आएगी। मौके पर पूर्व सचिव शकील अहमद, जियाउल हक, रामबचन पासवान, नईम अंसारी, मो जावेद ( मुखिया), मो सोयब, शमीम अख्तर, मो शाहिद, मो जिम्मी, मो सेराज, मो नदीम, मो इस्तेखार, मो लडन, मो इम्तियाज आदि मौजूद थे।

## अवैध कोयला के साथ तीन पकड़ाये

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ थाना प्रभारी के पद पर प्रतिनियुक्ति डीएसपी नीलम कुजूर (पी) द्वारा शनिवार की सुबह 7.30 बजे अवैध कोयला लदे दो पिकअप को जोरासाख चौक पर रोक लिया। साथ ही तीन व्यक्तियों को भी पकड़ लिया। उनके नाम प्रमोद कुमार यादव, दामोदर विश्वकर्मा और राजू सोरेन हैं।

## शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी से की औपचारिक मुलाकात, किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** 'युवा सदन' द्वारा निकट भविष्य में आयोजित होने वाले झारखंड युवा सदन के चौथे सत्र को लेकर संस्था के केंद्रीय सोशल मीडिया प्रभारी आशीष सिंह सूर्यवंशी एवं अंकित शुक्ला ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से औपचारिक मुलाकात की और उन्हें उपरोक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित होने का अनुरोध किया। जेवाईएस 4.0 का आयोजन युवाओं के लिए राज्य की नीतियों पर चर्चा करने, नीति निमार्ताओं से बात करने और भविष्य के नेताओं के उद्भव के लिए एक सुनहरा मंच है। जिसके माध्यम से प्रतिभागी एक ऐसे प्रारूप में भागीदारी और परामर्शात्मक संवाद में शामिल होंगे जो झारखंड राज्य में अभूतपूर्व स्थान रखता है। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से उचित मानदंडों को पूरा करने वाले युवाओं का चयन किया जाएगा। यह आयोजन आज और कल के नीति निर्माताओं के बीच की दूरी को पाटने का एक प्रयास है। इससे पहले संस्था ने 2020 में झारखंड सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय के सहयोग से प्रथम सत्र के साथ कृत्रिम विधानसभा के तर्ज पर युवा असेंबली का आयोजन शुरू किया था। संस्था के अध्यक्ष आकाश पांडे के दिशानिर्देश पर आशीष केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से मिलने पहुंचे थे। इसके अलावा आशीष और अंकित ने जन समस्याओं पर भी संक्षिप्त चर्चा की।

## राहुल गांधी के स्वागत की तैयारियां पूरीः वकील बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**टुंडी।** राहुल गांधी के धनबाद दौरे को लेकर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक स्वागत के लिए एक-एक कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर उनके एक झलक पाने के लिए उत्साहित हैं। जानकारी के अनुसार जिला उपाध्यक्ष सह निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी ने शनिवार को इलेक्ट्रानिक मीडिया में एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि राहुल गांधी के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुल 24 तोरणद्वार बनाए गए हैं। रात्रि विश्राम टुंडी जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में करेंगें। साथ ही कुल 600 किलोमीटर पैदल पदयात्रा कार्यक्रम है। एक-एक कार्यकर्ता से मिलेंगे एवं देश की दुर्दशा के बारे में लोगों से रूबरू होंगे। इनके कार्यक्रम को लेकर शहरों से लेकर गांवों तक लोगों में काफी उत्साह है।

### महादेव दुबे फिर बने गिरिडीह भाजपा के जिला अध्यक्ष, मिल रही बधाइयां

# भाजपा नेतृत्व का निर्देश एक टास्क है, जिसे सभी को मिल कर पूरा करना हैः महादेव दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता


महादेव दुबे गिरिडीह भाजपा के जिलाध्यक्ष का पुनः प्रभार मिलने की खुशी मनाते सहयोगी।

**गिरिडीह।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नयी प्रदेश कमेटी का गठन किया गया था। उसके बाद उनके नेतृत्व मे विगत दिनों प्रदेश भाजपा की ओर से झारखंड के सभी जिलों में नए जिलाध्यक्षों व प्रभारियों की घोषणा की गयी। जिलाध्यक्षों की नयी सूची में भाजपा गिरिडीह जिलाध्यक्ष के रूप एक बार फिर से महादेव दुबे को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी। जिसके बाद से जिलाध्यक्ष को लगातार बधाइ मिलने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के नेतृत्व में उनके आवासीय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। सर्व प्रथम पूर्व विधायक ने जिलाध्यक्ष को शॉल, बुके और मोमेंटो देकर उनका अभिनंदन किया। पूर्व विधायक ने कहा कि जिलाध्यक्ष महादेव दुबे का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सभी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता का उदाहरण पेश किया है। कहा की यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए भी गौरव का क्षण है की पूरे प्रदेश में गिरिडीह जिला इनके नेतृत्व में अग्रणी रहा। इनको पुनः जिलाध्यक्ष का दायित्व मिलने से संगठन सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास को और भी बल मिलेगा। वहीं, जिलाध्यक्ष ने पूर्व विधायक शाहाबादी व अन्य नेताओं-कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने राजनीतिक संघर्ष और संगठन के कार्यों के प्रति अपने समर्पण को लेकर अनुभवों को साझा किया। उन्होंने संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों और कार्यक्रमों का एक टास्क के रूप में लेने की बात कही। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुभाष चंद्र सिन्हा एवं संदीप डंगायच ने भी स्वागत संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा ने किया। इस मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष मुनिया देवी, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता ई. विनय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद, संजय सिंह, सदानंद राम, जिलामंत्री नवीन सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ राजेश पोद्दार, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता सेठ, प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी, प्रदेश नेत्री पूनम प्रकाश, उषा कुमारी और संजू देवी आदि उपस्थित रहे।



### कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्योग के लिए सभी प्रखण्डों में मेगा कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेगा कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक आकर इस कैम्प का लाभ उठायें तथा योजना का लाभ लें। कैम्प की विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक | स्थान | समय | दिनांक | प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक, मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड कार्यालय, कोलेबिरा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 02.02.2024 | 9065520367 |
| 2. | प्रखण्ड कार्यालय, सिमडेगा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 05.02.2024 | 9065520371 |
| 3. | प्रखण्ड कार्यालय, ठेठइटांगर | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 06.02.2024 | 9065520364 |
| 4. | प्रखण्ड कार्यालय, जलडेगा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 07.02.2024 | 9065520366 |
| 5. | प्रखण्ड कार्यालय, पाकरटांड | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 12.02.2024 | 9065520370 |
| 6. | प्रखण्ड कार्यालय, बानो | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 13.02.2024 | 9065520366 |
| 7. | प्रखण्ड कार्यालय, बांसजोर | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 15.02.2024 | 9065520364 |

नोटः– कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा अन्तर्गत प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड से दिए गए मोबाइल नं0 पर संपर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार
ह0/–
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा

PR 317813 Industries(23-24)#D

e-Procurement Cell

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Short Term e-Procurement Notice**
Date – 02-02-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 11/ 2023-24 | Upgradation & Furnishing Work of Backside Garden Area & Bar Shifting of GYM Room, Supply of Chairs in Conference Hall at JCSOI Club, Dindayal Nagar, Morabadi Ranchi. | 8371300 | Two Month |
| 2 | Date of Publication of Tender of Website | | 09-02-2024 at 3.00 PM | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 09-02-2024 at 3.30 PM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-02-2024 at 02.00 PM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-02-2024 at 03.00 PM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 8 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division No. 1, Ranchi

PR 317785 Building (23-24)_D

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–05/2023–24 तिथि :– 03.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉंत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.02.2024 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 10.02.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 15.02.2024 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 17.02.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | "Group-A" Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer (Make- ABB/ Kirloskar/ Crompton Greaves) for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub-Station (Old) Rukka under under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 77,96,190.00 | 1,56,000.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | 120 days |
| 2. | "Group-B" Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 3 MVA Power Distribution Transformer (Make- ABB/ Kirloskar/ Crompton Greaves) for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub-Station UGR-2 Simaliya under under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 63,06,440.00 | 1,26,200.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | 120 days |

नोट :– (i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे। सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में Tender Fee तथा EMD का भुगतान online करना होगा।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल,राँची

PR 317794 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# पीएम मोदी ने ओड़िशा विकास यात्रा पर रखी बात

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास, मुख्यमंत्री, मेरे मित्र नवीन पटनायक, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मेरे सहयोगी धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, बिश्वेश्वर तुडु, संसद के मेरे साथी नितेश गंगा देब, आइआइएम संबलपुर के निदेशक प्रोफेसर महादेव जायसवाल, अन्य महानुभाव, देवियों और सज्जनों। आज ओड़िशा की विकास यात्रा के लिए बहुत ही अहम दिन है। मैं ओडिशा के लोगों को करीब 70 हजार करोड़ रुपये के इन विकास प्रोजेक्ट्स के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इसमें शिक्षा, रेल, रोड, बिजली, पेट्रोलियम से जुड़ी अनेक परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का लाभ, ओड़िशा के गरीब, मजदूर, कर्मचारी, दुकानदार, व्यापारी, किसान, यानि समाज के सब वर्गों को इसका लाभ होगा। ये परियोजनाएं, ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए रोजगार के हजारों नये अवसर भी लाने वाली हैं।

आज देश ने अपने एक महान सपूत, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का भी निर्णय लिया है। भारत के उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्री के रूप में, और दशकों तक एक निष्ठावान, जागरूक सांसद के रूप में लालकृष्ण आडवाणी ने देश की जो सेवा की है, वो अप्रतिम है। लालकृष्ण आडवाणी का ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भुलाता नहीं है। मेरा सौभाग्य रहा कि लालकृष्ण आडवाणी का स्नेह, उनका मार्गदर्शन, मुझे निरंतर मिलता रहा है। मैं लालकृष्ण आडवाणी के दीघार्यु होने की कामना करता हूं और उन्हें ओड़िशा की इस महान धरती से समस्त देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

हमने ओड़िशा को शिक्षा का, कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। बीते दशक में ओड़िशा को जो आधुनिक संस्थान मिले हैं, शिक्षा संस्थान मिले हैं, वो यहां के युवाओं का भाग्य बदल रहे हैं। आइसर ब्रह्मपुर हो या भुवनेश्वर का इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, ऐसे अनेक संस्थान यहां स्थापित किये गये हैं। अब आइआइएम संबलपुर भी मैनेजमेंट के आधुनिक संस्थान के रूप में ओडिशा की भूमिका को और सशक्त कर रहा है। मुझे याद है 3 साल पहले कोरोनाकाल में ही मुझे आइआइएम के इस कैंपस के शिलान्यास का अवसर मिला था। अनेक रुकावटों के बावजूद अब ये शानदार कैंपस बनकर तैयार है। और आप लोगों का जो उत्साह मैं देख रहा हूं ना उससे मुझे लगता है कि कैंपस आपको कितना प्यारा लग रहा है। मैं इसके निर्माण से जुड़े सभी साथियों की प्रशंसा करता हूं।

विकसित भारत के लक्ष्य को हम तभी प्राप्त कर सकते हैं, जब भारत का हर राज्य विकसित बने। इसलिए, बीते वर्षों में हमने ओडिशा को हर सेक्टर में अधिक से अधिक सपोर्ट किया है। केंद्र सरकार के प्रयासों से ओड़िशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो-केमिकल के क्षेत्र में भी नयी ऊंचाई प्राप्त कर रहा है। पिछले 10 सालों में ओडिशा में पेट्रोलियम और पेट्रो-केमिकल क्षेत्र में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। बीते 10 वर्षों में पहले की तुलना में, रेलवे के विकास के लिए ओड़िशा को 12 गुणा ज्यादा बजट दिया गया है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ओड़िशा के गांवों में करीब 50 हजार किलोमीटर सड़कें बनी हैं। राज्य में 4 हजार किलोमीटर से अधिक नए नेशनल हाइवे का निर्माण भी हुआ है। आज भी यहां नेशनल हाइवे उससे जुड़ी 3 बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इन प्रोजेक्ट्स से झारखंड और ओड़िशा के बीच इंटर-स्टेट कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यात्रा की दूरी भी कम होगी। ये क्षेत्र खनन, बिजली और इस्पात उद्योग की संभावनाओं के लिए जाना जाता है। इस नयी कनेक्टिविटी से इस पूरे क्षेत्र में नये उद्योगों के लिए संभावनाएं बनेंगी, रोजगार के हजारों नये अवसर बनेंगे। आज संबलपुर-तालचेर रेल खंड का दोहरीकरण, झार-तरभा से सोनपुर सेक्शन तक नयी रेल लाइन का भी शुभारंभ हो रहा है। पुरी-सोनपुर एक्सप्रेस से सुबर्नपुर जिला यानी हमारा सोनपुर जिला आज रेल कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। इससे श्रद्धालुओं के लिए भगवान जगन्नाथ का दर्शन करना और आसान हो जायेगा। ओड़िशा के हर परिवार को पर्याप्त और सस्ती बिजली मिले, इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। आज जिन सुपर क्रिटिकल और अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल प्लांट्स का उद्घाटन यहां हुआ है, उनका लक्ष्य भी यही है।

बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जो नीतियां बनायी हैं, उनका ओड़िशा को बहुत अधिक फायदा हुआ है। हमने खनन के क्षेत्र में जो नये रीफॉर्म किये हैं, ओड़िशा उसका बहुत बड़ा लाभार्थी रहा है। खनन नीति में बदलाव के बाद ओड़िशा की आय में 10 गुना की वृद्धि हुई है। पहले खनिज उत्पादन का लाभ उन क्षेत्रों और राज्यों को उतना नहीं मिल पाता था, जहां से खनन होता है। हमने इस नीति को भी बदला। केंद्र की भाजपा सरकार ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन का गठन किया। इससे खनिज से हुई आय का एक हिस्सा, उसी क्षेत्र में विकास के लिए लगाना सुनिश्चित हुआ। इससे भी ओड़िशा को अब तक करीब-करीब 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिल चुके हैं। ये पैसा, जिस क्षेत्र में खनन हो रहा है, वहां के लोगों के कल्याण के काम आ रहा है। मैं ओड़िशा की जनता को आश्वस्त करता हूं कि केंद्र सरकार इसी समर्पित भाव से ओड़िशा के विकास के लिए काम करती रहेगी।

मुझे यहां से एक बहुत बड़े कार्यक्रम में जाना है, खुले मैदान में जाना है, तो वहां मिजाज भी कुछ और होता है। तो मैं यहां लंबा समय आपका नहीं लेता हूं। लेकिन वहां मैं जरा अधिक समय लेकर के काफी बातें करूंगा, 15 मिनट के बाद उस कार्यक्रम में पहुंचूगा। एक बार फिर आप सभी को विकास कार्यों के लिए मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं और मेरे युवा साथियों को विशेष बधाई।

## पीएम ने हिंदी और उड़िया सिनेमा के दिग्गज साधु मेहर के निधन पर शोक व्यक्त किया



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी और उड़िया सिनेमा के दिग्गज साधु मेहर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। **प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया:** साधु मेहर का निधन फिल्म जगत और हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए अपूरणीय क्षति है। हिंदी और उड़िया सिनेजगत के महान कलाकार का अभिनय और सिनेमा के प्रति समर्पण अनुकरणीय था। इस अपूरणीय क्षति पर मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार, सहकर्मियों और प्रशंसकों के साथ हैं। हम उनकी समृद्ध कला विरासत को संजोते हैं। ओम शांति।

## लालकृष्ण आडवाणी ने अपने जीवन में कई आदर्श स्थापित किये : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा गया। यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने अपने जीवन में लगातार कई आदर्श स्थापित किया। वे हमेशा देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रहे। आज उन्हें भारत रत्न दिया गया। इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं।

## गैरकानूनी निकाह मामले में इमरान खान और बुशरा बीबी को 7 साल जेल

**नयी दिल्ली।** गैरकानूनी निकाह मामले इमरान खान और बुशरा बीबी को पाकिस्तान की अदियाला डिस्ट्रिक्ट जेल में बनी मेकशिफ्ट कोर्ट ने शनिवार को 7 साल की सजा सुनाई है। दरअसल, दोनों की शादी को फ्रॉड बताते हुए बुशरा के एक्स हसबैंड खावर फरीद मानेका ने याचिका दायर कराई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जज कुदरातुल्लाह ने दोनों की शादी को गैर इस्लामिक करार दिया और 5 लाख पाकिस्तानी रुपए का जुमार्ना भी लगाया। फैसले के दौरान दोनों इमरान खान और बुशरा बीबी कोर्ट में मौजूद थे। केस की सुनवाई शुक्रवार को 14 घंटों तक अदियाला जेल में ही हुई थी, जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। खावर फरीद मानेका ने आरोप लगाए थे कि बुशरा ने इद्दत का पीरियड पूरा किए बिना ही खान से शादी कर ली थी। दरअसल, इस्लाम धर्म में इद्दत तलाक के बाद दूसरी शादी करने के बीच की एक तय मियाद होती है। मानेका ने खान पर उनकी शादीशुदा जिंदगी को बर्बाद करने का भी आरोप लगाया था।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने एनटीपीसी पावर परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी दलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन, एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी 2 एक्सपेंशन प्रोजेक्ट का समर्पण किया और साथ ही एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-3 का शिलान्यास भी किया। इन सभी परियोजनाओं में कुल 28,978 करोड़ का निवेश किया गया है।

ओड़िशा के सुंदरगढ़ ज़िले में स्थित दर्लीपाली एसटीपीएस सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी (अत्यधिक प्रभावी) से युक्त पिट-हेड पावर स्टेशन है और अपने लाभार्थी राज्यों जैसे ओड़िशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, गुजरात और सिक्किम को कम लागत की विद्युत की आपूर्ति कर रहा है। स्टील प्लांट को भरोसेमंद विद्युत उपलब्ध कराने के लिए एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी की 250 मेगावॉट परियोजना राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में स्थापित की गयी है, जो आर्थिक विकास को सुनिश्चित करेगी।

इसके अलावा एनटीपीसी ओड़िशा के अनुगुल ज़िले में पुराने टीटीपीएस प्लांट परिसर में तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-3 का विकास कर रही है, जिसे साल 1995 में उड़ीसा राज्य विद्युत बोर्ड से एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहीत कर लिया गया था। देश को 50 साल से अधिक सेवा प्रदान करने के बाद पुराने टीटीपीएस प्लांट को निष्क्रिय कर दिया गया था।




आगामी प्लांट में अत्यधिक प्रभावी अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित युनिट्स होंगी और पुराने टीटीपीएस प्लांट की तुलना में इसकी क्षमता तकरीबन तीन गुना होगी। इस परियोजना की 50 फीसदी क्षमता को उड़ीसा राज्य को समर्पित किया गया है, अन्य लाभार्थी राज्यों जैसे तमिलनाडु, गुजरात और असम को भी इस पिट- हैड स्टेशन से कम लागत की विद्युत प्राप्त होगी।

इस परियोजना का निर्माण पर्यावरण के अनुकूल आधुनिक फीचर्स के साथ किया जा रहा है जैसे प्रभावी इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपिटेटर, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन, बायो-मास कोफायरिंग, कोयले के लिए कवर्ड स्टोरेज स्पेस। ऐसे में यह कोयले की खपत और कार्बन डाई ऑक्साईड उत्सर्जन को कम करने में मददगार होगी।

क्षेत्र में रोजगार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसर उत्पन्न करने के साथ-साथ ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे के सुधार में भी योगदान देंगी। इन परियोजनाओं के विकास के साथ परियोजना से जुड़ी सड़क, ड्रेनेज एवं परिवहन एवं संचार प्रणालियों में सुधार होगा। एनटीपीसी आस-पास के समुदायों में शिक्षा, पेयजल, सेनिटेशन, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण खेलों आदि में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। एनटीपीसी ने ओड़िशा के सुंदरगढ़ में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भी स्थापित किया है।

इस अवसर पर ओड़िशा के गवर्नर रघुवर दास, मुख्य मंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय रेलवे, संचार एवं इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय जनजातीय मामलों एवं जल शक्ति मंत्री बिश्वेसर टुडु, संसद सदस्य नितेश गंगा देब, नौरी नायक, एनटीपीसी सीएमडी गुरदीप सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# प्रथम विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन में किस के 40 हजार आदिवासी विद्यार्थियों ने गाया बंदे उत्कल जननी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शनिवार को पहले विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। इसमें 40,000 आदिवासी छात्रों ने ओड़िशा का राज्यगान 'बंदे उत्कल जननी' गाया। किस के भुवनेश्वर परिसर के साथ-साथ बलांगीर, कालाहांडी, मयूरभंज और बालासोर परिसरों में भी छात्रों ने ओड़िशा राज्य गीत गाया और प्रथम विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन की शान बढ़ायी। छात्रों ने ओड़िशा के मानचित्र पर बनाये गये मानव मानचित्र पर खड़े होकर यह देशभक्ति गीत गाया, जबकि पूरा राज्य प्रथम विश्व ओड़िया सम्मेलन का जश्न मना रहा है। किस छात्रों द्वारा ओड़िशा राज्य गीत के सामूहिक गायन ने इसे और भी भव्य बना दिया। किट-किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने पहले विश्व ओड़िया सम्मेलन के आयोजन में राज्य सरकार और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।










# बीओआइ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी का ओड़िशा दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक ओड़िशा की अपनी पहली यात्रा पर है। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने किट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की उपस्थिति में कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज को एक एंबुलेंस प्रदान की, जो लोगों को जरूरत के समय आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी। यह पहल समाज के कल्याण के लिए बैंक की एक और प्रतिबद्धता है। इस अवसर के दौरान कर्नाटक जयदेव ने बिहार में स्टार हाउस बैंक ऑफ इंडिया का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल बैंकिंग ग्रुप (एनबीजी) ग्रुप, ओड़िशा और बैंक ऑफ इंडिया के भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मचारियों को संबोधित किया और राज्य और बैंक में व्यवसाय विकास पर जोर दिया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**